हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 2 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 34.7 डिग्री
न्यूनतम 25.2 डिग्री

12 मॉडल कॉलेज में वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान


13 निषाद समाज ने चलाया जन जागरुकता अभियान




# स्नातक प्रशिक्षित उच्च श्रेणी शिक्षकों को दस साल से नहीं मिला समयमान वेतनमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

स्नातक प्रशिक्षित उच्च श्रेणी शिक्षकों को समयमान वेतनमान का लाभ नहीं मिल रहा है। पिछले दस साल से इस मांग को पूरी करने के लिए शिक्षक संघ जूझ रहा है। पहले राज्य से समयमान वेतनमान मिलता था लेकिन दुर्ग शिक्षा संभाग कार्यालय अस्तित्व में आने के बाद यह अधिकार जेडी को दि दिया गया है। उसके बावजूद भी शिक्षकों को इसके लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। अब छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ दुर्ग शिक्षा संभाग के आव्हान पर संभाग के शिक्षक 3 अक्टूबर को संभागीय मुख्यालय दुर्ग में संयुक्त संचालक शिक्षा कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे।

### इस तरह वेतनमान देने का है नियम

अलग खबर

छत्तीसगढ़ राज्य कर्मचारी, शिक्षक एवं अधिकारियों को आगे बढ़ने के निश्चित अवसर उपलब्ध कराये जाने की दृष्टि से समयमान वेतनमान देने की योजना है। छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग का वित्त निर्देश 11/2008 28 अप्रैल 2008 में सेवा अवधि 10 वर्ष होने पर प्रथम समयमान, 20 द्वितीय एवं 30 वाई वर्ष होने पर ह वर्ष होने पर -पर तृतीय समयमान वेतन- मान देने का निर्देश है। निर्देश में उल्लेख भर्ती के अनुसार संबंधित को पदोन्नति की योग्यता रखना अनिवार्य है।

## दुर्ग संभाग में जेडी कार्यालय बनने के बाद भी नहीं मिला शिक्षकों को हक

### सात जिले के शिक्षकों में नाराजगी

दुर्ग में शिक्षा संभाग अस्तित्व में आने के बाद सात जिलों के शिक्षकों से संबंधित कार्य किया जाना है लेकिन इस कार्यालय में अब भी कई कार्य के लिए शिक्षकों को रायपुर तक दौड़ लगानी पड़ रही है। इसमें शिक्षकों के तबादले का भी मुद्दा शामिल है। दुर्ग, राजनांदगांव, बेमेतरा, कवर्धा, बालोद, मानपुर-मोहला और छुईखदान जिले आते है।




### इस तरह बदला है अधिकार

वर्ष 2015 के पश्चात संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण का गठन होने पश्चात समायमान वेतनमान स्वीकृति का अधिकार संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण पूर्ण संभाग को है। इस कार्यालय के अस्तित्व में आने के बाद शेष बचे स्नातक प्रशिक्षित कार्यरत एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों को शासन के निर्देशानुसार समयमान वेतनमान की स्वीकृति प्रदान कर लाभ देने की मांग विगत कई वर्षों से की जा रही है। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण दुर्ग की अकर्मण्यता के कारण शासन एवं जनप्रतिनिधियों का ध्यानाकर्षण के लिए धरना-प्रदर्शन करने बाध्य होना पड़ा है। इसके बाद भी अपेक्षित कार्यवाही नहीं होती है तो शिक्षा मंत्री के विधान सभा क्षेत्र जशपुर व राजधानी रायपुर लक धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

### ट्रायबल विभाग ने दिया है लाभ

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संयोजक वाई के दिल्लीवार व संभाग अध्यक्ष भुवन सिन्हा ने बताया कि शिक्षक संवर्ग भरती पदोन्नति नियम के अनुसार स्नातक प्रशिक्षित उच्च श्रेणी शिक्षक तृतीय श्रेणी वेतनमान लेवल-आठ की पदोन्नति प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला द्वितीय श्रेणी राजपत्रित अधिकारी वेतनमान लेवल- 9 के पद पर होती है। इन्हीं आदेश स्वं शर्त के आधार पर कलेक्टर (आदिवासी विकास) बालोद ने आदेश क्रमांक 3022 11 फरवरी 2014 के द्वारा विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा पर स्नातक प्रशिक्षित उच्च श्रेणी शिक्षकों को समयमान वेतनमान की स्वीकृति प्रदान कर लाभ दिया है।

## खबर संक्षेप

### आज स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का समापन

**भिलाई।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा भिलाई निगम क्षेत्र में 17 सितम्बर से शुरू हुआ। इसका समापन 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन होगा। नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय परिसर में 2 अक्टूबर सुबह 9:30 बजे समापन समारोह आयोजित है। समारोह में स्वच्छता मित्रों, संगठनों को सम्मानित किया जाएगा। सभी प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, पोर्टल के पत्रकार से भी कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है। समापन कार्यक्रम रखा गया है।

### मुख्य स्वच्छता निरीक्षक के तबादले पर कोर्ट की रोक

**भिलाई ।** भिलाई निगम के मुख्य स्वच्छता निरीक्षक व्हीके सामुएल के तबादले पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। सामुएल का तबादला छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, नवा रायपुर के आदेशानुसार नगर पालिक निगम राजनांदगांव किया गया था। उच्च न्यायालय में दायर याचिका क्रमांक 5261/2024 मुख्य स्वच्छता निरीक्षक व्ही. के. सामुएल के विरूद्व छ.ग. शासन व अन्य में पारित आदेश 30 अगस्त 2024 में उल्लेखित कंडिका क्रमांक 5 अनुसार प्रतिवादी के अभ्यावेदन के निर्णय तक दोनों पक्षों को आज की स्थिति यथास्थिति बनाये रखने का निर्देश दिया गया है। वर्तमान में सामुएल जोन क्रमांक 5 में स्वास्थ्य अधिकारी के रूप में नियमानुसार अपनी सेवाएं दे रहे है।

### गांधी-शास्त्री जयंती पर परिचर्चा आज

**भिलाई।** जेपी प्रतिष्ठान रूआबांधा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155 वीं जयंती एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 120 जयंती पर विशेष परिचर्चा का आयोजन 2 अक्टूबर बुधवार को सुबह 10 बजे से किया गया है। रूआबांधा कॉलोनी रूआबांधा में आयोजित इस परिचर्चा का विषय 'चंपारण सत्याग्रह और आज का भारत' रखा गया है।
जिसमें आमंत्रित वक्ता अपने विचार व्यक्त करेंगे। लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान के अध्यक्ष और आचार्य नरेंद्र देव स्मृति जन अधिकार अभियान समिति के संयोजक आपी शर्मा तथा समाजवादी जनता पार्टी के महासचिव नंदकिशोर साहू ने इस अवसर पर उपस्थिति की अपील की है।

## अपराधों में बढ़ोत्तरी: फ्लिपकार्ट और अमेजन से हो रही खरीदी

# ऑनलाइन हथियार खरीदने वालों कर लो तौबा, अब जमानत भी होगी निरस्त

जेएम तांडी ▶▶ भिलाई

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

जिले में लगातार बढ़ रहे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए दुर्ग पुलिस बड़ा अभियान का शुरुआत कर रही है। इसके लिए ऑनलाइन हथियार बेचने वाले शॉपिंग मॉल से तीन माह का डिटेल खंगाल रही है। इसमें जिस भी अपराधियों का डिटेल मिलेगा पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई कर हथियार जब्त करने वाली है।

इसके अलावा ऐसे हिस्ट्रीशीटर, अपराधी जिसका पुलिस रिकार्ड है या फिर कोर्ट से जमानत में छुटा होगा पुलिस अब उसके जमानत हमेशा के लिए निरस्त कराने का प्लान तैयार किया है। इससे जिले में अपराधों में कमी आएगी साथ ही अपराधियों में खौफ भी होगा। पुलिस के इस बड़े अभियान को लेकर अपराधियों तक को इसकी जानकारी नहीं है। इसे लेकर एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने सभी थानेदारों को हिदायत दिया है कि चाकू, कटरबाजी और अवैध हथियार रखने वालों का लिस्टिंग कर उनके खिलाफ लगातार कार्रवाई करते रहें। बढ़ते अपराध को रोकने के लिए पुलिस का यह अभियान लगातार चलते रहेगा। हाल में छावनी, खुर्सीपार, दुर्ग कोतवाली, सुपेला समेत कई थानों क्षेत्र में इस तरह की वारदाते हो चुकी है। इसके चलते पुलिस ने इस तरह के अपराधियों पर नकेल कसने के लिए बड़ा प्रयास शुरु किया है।

### इंस्टाग्राम पर हथियार की बढ़ रही है डिमांड

सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम में लगातार हथियार की खरीद फरोख्त का अवैध कारोबार लंबे समय से चल रहा है। अपराधी इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन हथियार की डिमांड होने पर ही छत्तीसगढ़ के बाहर से हथियार की सप्लाई यहां की जा रही है। इसमें सबसे अधिक पुराने अपराधी शामिल है जो जमानत पर छूटकर भिलाई-दुर्ग में रुपए पैसे कमा रहें है। पूर्व अवैध हथियार खरीदी मामलों में पुलिस ने कई अपराधियों को पकड़ा है। उन्होने भी मंगेर से हथियार की सप्लाई होना स्वीकार किया था। लेकिन अपराधियों ने पुलिस के डर से हथियार खरीदने का ट्रेंड बदलकर ऑनलाइन मंगाकर शहर में बेखौफ तरीके से बेचा जा रहा है। हथियार को सोशल मीडिया में अपलोड कर कस्टमर खोज रहें है।

### छह माह में 41 चाकूबाजी




| | |
|---|---|
| जनवरी | 7 |
| फरवरी | 2 |
| मार्च | 2 |
| अप्रैल | 5 |
| मई | 6 |
| जून | 10 |
| जुलाई | 3 |
| अगस्त | 6 |

**अब तक के मामले**

**केस 1**

वैशाली नगर थाना क्षेत्र में मंदिर परिसर से युवक गुजर रहा था। इस दौरना आधा दर्जन युवको ने उस पर कटर से हमला कर फरार हो गए थे। पुलिस ने सीसी कैमरा खंगाल कर आरोपी युवको को गिरफ्तार कर उनका जुलुस निकाला था।

**केस 2**

छावनी थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते दो सगे भाई प्रतीक और अश्वनी वासनिक पर चाकू से हमला हुआ था। शिकायत के बाद पुलिस ने तीन आरोपी युवको का जुलूस निकालकर पकड़ कर जेल भेजा गया।

### ट्विनसिटी में मुंगेर से हथियारों की सप्लाई

खबरों के मुताबिक हथियारों की मंडी कहा जाना वाला राज्य बिहार का मुंगेर में अब हाईटेक हो गया है। कोरोना काल के बाद जिस प्रकार पूरा का पूरा बाजार ऑनलाइन मार्केटिंग पे टिक गया जहां आप कपड़े से ले कर आभूषण और इलेक्ट्रिक सामान के साथ घर के सब्जी तक ऑनलाइन मार्केटिंग के माध्यम से मंगाने लगे हैं। वैसे ही हथियारों की इस मंडी में भी डिलिवरी का कंसेप्ट बदल गया है। अब मुंगेर के अवैध हथियारों की खरीद-बिक्री ऑनलाइन मोड में ज्यादा हो रही है। इसी को लेकर जिले के अपराधी बेखौफ तरीके से नशे की हालत में कटर, चाकू, तलवार जैसे बड़े हथियार का उपयोग कर घटना को अंजाम दे रहें है।

### खुर्सीपार में फिर वारदात, तीन गिरफ्तार



खुर्सीपार टीआई अंबर सिंह भरतद्वाज ने बताया कि घटना रात 12-30 बजे की है। शहीद वीर नारायण चौक पास का है। सेलून संचालक कुश ने अपने पास काम करने वाले पवन सेन को मोबाइल फाइनेंस कराकर दिया था। वह संचालक के रुपए को नहीं लौटा रहा था। आधी रात को सेलून संचालक कुश सेन और उसके दो साथी पवन सेन के घर पहुंचे। युवक पवन को घर से बाहर बुलाया और उस पर ताबडतोड तलवार,कटर, कैंची से हमला कर दिया। घटना को दौरान पवन को बचाने भुनेश्वर सेन, सूर्या,सतीश सेन समेत एक अन्य पहुचा लेकिन आरोपियों ने उन पर भी वार कर घायल कर दिया। गंभीर रुप से सतीश घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सुपेला स्थित शास्त्री अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया। स्थिति गंभीर होने से सतीश को श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल कराया गया है। घटना में चार घायल है और एक ही हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस ने तुरंत आरोपी धीरज सेन, कुश सेन, लव सेन को गिरफ्तार कर लिया है।

### फ्लिपकार्ट, अमेज़न से तीन माह का डाटा

पुलिस ने बताया कि अवैध रूप से ऑनलाइन हथियार मंगवाने वाले अपराधी अब फ्लिपकार्ट, अमेज़न की ओर अपना रूख कर लिए है। जिसे लेकर पुलिस अपराधियों का तीन माह का रिकार्ड खंगाल रही है।

### नकेल कसने की तैयारी



अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने बड़ा अभियान की शुरुआत की है। चाकू, कटरबाजी करने वाले अपराधियों पर नकेल कसने के लिए ऑन लाइन हथियार खरीदने वालों का तीन माह का रिकार्ड मंगाया गया है।अपराधियों के बारे में जानकारी मिलने पर उनकी जमानत हमेशा के लिए निरस्त कराया जाएगा।

**-जितेन्द्र शुक्ला,** एसपी दुर्ग

## मोहन नगर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

# तीस फीट नीचे गिरा ट्रक, चालक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

धमधा नाका बाईपास के फ्लाईओवर से नीचे एक ट्रक अचानक गिर गई। हादसे में चालक की मौत हो गई है। खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुची और क्रेन बुलवाकर ट्रक को हटवाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक ट्रक एचए 16 डी 4136 रायपुर से राजनांदगांव की ओर जा रही थी। टोल प्लाजा से थोड़ी दूर पहले अचानक चालक का संतुलन बिगड़ गया। ट्रक सीधे 30 फिट नीचे प्लाईओवरब्रिज के नीचे गिर गई। हादसे में ट्रक चालक करनन सुखैया की मौत हो गई। खबर लगते ही मोहन नगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस लोगों ने बताया कि ट्रक के नीचे दो लोग दबे हुए हैं। लेकिन क्रेन से जब ट्रक को उठाकर हटाया तो उसमें कोई नहीं था। ट्रक चालक तेलांगना का रहने वाला है। ट्रक में 20-25 टन स्टील की रोल लोड थी। ट्रैफिक और पीडब्ल्यूडी के कर्मी मौके पर पहुंचे हैं और हादसे का कारण खोजने लगे। इसके पूर्व भी सुरक्षा व्यवस्था ठीक नहीं होने के कारण यह हादसा हुआ है। इससे पहले भी प्लाई ओवर ब्रिज से कई बार वाहन गिर चुकी है। साथ ही ट्रक ब्रिज से नीचे गिर चुके हैं। लोगों का कहना है कि यहां सड़क के किनारे सुरक्षा के उपाए नहीं हैं। इससे गाड़ी यदि अनियंत्रित होती है तो सीधे 30 फिट नीचे गिर जाती है।

## शांति नगर में पीएम आवास योजना के तहत अवैध कब्जा कर रहे लोगों से कराया खाली

**भिलाई।** नपा निगम भिलाई अंतर्गत शांति नगर क्षेत्र में रतना बिल्डर्स के ईडब्लूएस भूमि पर निर्मित 36 प्रधानमंत्री आवासों का आबंटन लाटरी पद्वति से 3 अक्टूबर किया जाना है। आबंटित किये जाने वाले मकानों का निरीक्षण करने आयुक्त बजरंग दुबे, नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य अधिकारियों को लेकर मौके पर पहुंचे। स्थल पर 6 ऐसे मकान थे जिसे अन्य व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा कर रखा था। जिसे खाली कराने के निर्देश आयुक्त ने अधिकारियो को दिये है। अधिकारियो द्वारा कब्जाधारियों को 3 से 4 बार नोटिस भी जारी किया गया है। उसके बाद भी उनके द्वारा मकान खाली नहीं किया गया है। निगम प्रशासन, पुलिस बल एवं तोड़फोड़ दस्ता के साथ अवैध कब्जा को खाली कराने की कार्यवाही की जावेगी। मकान नीलामी की प्रक्रिया स्थावत होगी।

# चलते ट्रक में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

चलती ट्रक में अचानक आग लगने से ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुची। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि रसमडा औद्योगिक क्षेत्र की ओर जा रहे ट्रक आरजे 47 जीए 5398 का टायर ब्लास्ट हो गया। जिससे ट्रक में अचानक आग लग गई। सूचना पर टीम मौके पर पहुची और ट्रक में लगी आग को बुझाने आपदा प्रबंधन की टीम रवाना हुई। बड़ी सावधानी पूर्वक ट्रक में लगी आग को टीम ने मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया। एक दमकल पानी लाया गया था। टीम में अग्निशमन कर्मी भगवती बंजारे, शारदा प्रसाद, पराग , हीरामन, कुलेश्वर, धर्मेंद्र साहु शामिल थे।



# डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों के लिए ट्रैफिक रूट हुआ तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

डोंगरगढ़ दर्शन के लिए जाने वाले पदयात्रियों और वाहन चालको के सुरक्षित आवागमन के लिए ट्रैफिक पुलिस ने दिशा निर्देश जारी किया है। इस दौरान ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि कुम्हारी से अंजोरा बाईपास तक सुरक्षित कोरिडोर बनाकर रूट निर्धारित किया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से 4 पेट्रोलिंग वाहन तैनात किया गया है। जो लगातार 24 घण्टे 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक पेट्रोलिंग करती रहेगी। इसके अलावा लाउड स्पीकर के माध्यम से पदयात्रियों को बाएं चलने के निर्देश देते रहेगें। मार्ग में किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी। पदयात्रियो के सहायता के लिए अस्थाई पुलिस सहायता केन्द्र भी बनाये गये है।



### ऐसा होगा रूट

कुम्हारी टोल प्लाजा: सिरसा गेट चौक -डबरापारा तिराहा-खुर्सीपार तिराहा-पावर हाउस अण्डर ब्रिज-मुर्गा चौक-सेन्ट्रल एवेन्यु होते हुए सेक्टर- 9 चौक-ठगडा बांध ओवर ब्रिज-जेल तिराह-गौरव पथ -गाँधी पुतला - पटेल चौक - गंजपारा -पुलगांव चौक-शिवनाथ नदी ब्रिज-अंजोरा बाईपास-राजनांदगांव से होकर डोगरगढ़ पहुंचेंगे।




## रिसाली निगम में लगा स्वच्छता मित्रों के लिए स्टॉल

# स्वस्थ हैं तो सुरक्षित हैं, इसलिए उपाय आवश्यक: मोनिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

जब तक हम स्वस्थ्य है, तब तक सुरक्षित है और सुरक्षित रहने के लिए सुरक्षा के उपाय को अपनाना जरूरी है। यह बातें नगर पालिक निगम की आयुक्त मोनिका वर्मा ने कही। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत एन.एस.पी.सी.एल. कालोनी के सभागार में सुरक्षा शिविर का आयोजन किया। स्वच्छता मित्रों के लिए योजनाओं से संबंधित स्टॉल भी लगाया गया था। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य सभागार में उपस्थित स्वच्छता मित्रों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाना है। यही वजह है कि सभागार में अलग-अलग योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाया है। उन्होंने कार्य स्थल में उपयोग में आए जाने वाले सुरक्षा कवच और एहितियात किस तरह बरतना है इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्याशाला को एन.एस.पी.सी.एल. के प्रबंधक मानव संसाधन सरफराज आलम ने संबोधित किया। इस अवसर पर जनस्वास्थ्य विभाग के अमित चंद्राकर, प्रभारी उप अभियंता गोपाल सिन्हा, पी.आई.यू. आकाश मिश्रा, विजय कश्यप, मिशन मैनेजर आइरा आनंद, अरूणा धृतलहरे आदि उपस्थित थे।

### सौ से ज्यादा स्वास्थ्य जांच

नगर पालिक निगम के शिविर में 110 स्वच्छता मित्रों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। वही 5 लागों को राशन कार्ड, 15 को प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री स्वनीधि योजना के तहत 7 को आवेदन उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा एक का आयुष्मान कार्ड बनाया गया।




### पखवाड़े का समापन आज

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का समापन बुधवार को किया जाएगा। सांस्कृति कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों की प्रस्तुती होगी। वहीं कार्यक्रम के अतिथि सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करेंगे।

### सुरक्षा ही बचाव

पी.आई.यू. आकाश मिश्रा और विजय कश्यप ने स्वच्छता मित्रों को जानकारी दी कि गीले स्थान और घनी झाड़ियों के बीच कार्य करते समय लॉग बूट का उपयोग करे। कचरा कलेक्शन के दौरान हाथों पर दस्ताना अवश्य लगाए। कार्य के दौरान मास्क का उपयोंग अनिवार्य रूप से करे। झाड़ू करते और कचरा छटाई के समय शरीर को ढकने एप्रान अनिवार्य रूप से पहने।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप



### विधायक व आयुक्त ने किया श्रमदान

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर में लगातार स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सुराना कालेज परिसर की सफाई की गई। विधायक गजेंद्र यादव ने आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा सहित विधार्थियों के साथ कॉलेज परिसर में हाथ में फावड़ा लेकर श्रमदान करते हुए अनावश्यक घास काटा और लोगो को स्वच्छता का संदेश दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान विधायक व आयुक्त ने निगम अमले, विधार्थियों के साथ सुराना कॉलेज परिसर से अनावश्यक झाड़ियों व पालीथिन प्लास्टिक, कचरा इकट्ठा कर कॉलेज परिसर को स्वच्छ बनाया गया।

### प्राचार्य एवं निगम के भृत्य को दी गई विदाई



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम के दो कर्मचारियों के रिटायरमेंट पर महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर सेवा निवृत्त कर्मचारियों का विदाई समारोह का कार्यक्रम मोतीलाल वोरा सभागार में आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चन्द्रकर, पार्षद ज्ञानदास बंजारे, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम एवं अधिकारी-कर्मचारियो की मौजूदगी में सेवानिवृत्त चंद्रशेखर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मंजुला गुप्ता व निगम कर्मी भृत्य श्रीमती शांति यादव को शाल श्रीफल, पुष्पमाला से सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विदाई दी। विदाई समारोह में वीपी मिश्रा, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, उपअभियता हरिशंकर साहू, राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा, महामंत्री अनिल सिंह, बाजार अधिकारी ईश्वर वर्मा, निज सहायक आयुक्त शुभम गोइर, शशि यादव, राजू चन्द्राकर, क्षमा शर्मा ने प्रशस्ति पत्र और उपहार भेंट करते हुए उनके द्वारा किए गये कार्यो की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान प्रकाश अहीर, संतोष मिश्रा, विनोद उपाध्यय, लवकुश शर्मा, किरण अग्रवाल, योगेंद्र वर्मा, अनिल करिहार आदि मौजूद थे।

### आज पशु वध एवं मांस विक्रय प्रतिबंधित

**दुर्ग।** राज्य शासन के आदेशानुसार दिन बुधवार को 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर नगर निगम सीमा में स्थित समस्त पशु वध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानों पर पशुवध करना, मटन, गौश्त विक्रय करना अथवा बेचना निषेध किया गया है। निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि उक्त दिवस को पशु वध करते या मटन गोस्त विक्रय करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए।

# लंबित पेंशन-आयुष्मान कार्ड वितरण की धीमी गति से कलेक्टर नाराज

## दस दिन के अंदर गांव पहुंचेंगे अफसर, समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

समयसीमा की बैठक में कलेक्टर ने लंबित पेंशन प्रकरण को लेकर नाराजगी जताई है, वही उन्होने आयुष्मान कार्ड बनाने और वितरण को लेकर प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए है। जिले के ग्राम पंचायतों तक पहुंचकर योजनाओं की रिपोर्ट दस दिन के अंदर तैयार करने कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए है।

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज अधिकारियों की बैठक में कहा कि, ग्राम पंचायतों में संचालित शासकीय योजनाओं की मॉनिटरिंग हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी आगामी दस दिवस में संबंधित पंचायत का भ्रमण कर जानकारी अपलोड करना सुनिश्चित करें। भ्रमण के दौरान स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, धान फसल की स्थिति, जल जीवन मिशन और स्वच्छता अभियान पर विशेष फोकस करें। उन्होंने कहा कि, अधिकारी विभाग को प्राप्त आवेदन लंबित न रखें, निराकरण समय-सीमा के भीतर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्यमंत्री अन्य पत्र में लंबित आवेदन, कलेक्टर जनचौपाल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, जनशिकायत निवारण प्रकोष्ठ अंतर्गत वेब एवं पोस्ट द्वारा प्राप्त आवेदन की विभागवार समीक्षा कर संबंधित विभागों को प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार सार्थ ई-पोर्टल में लंबित आवेदनों पर ननि को प्राथमिकता के साथ आवेदनों को निराकरण करने कहा।

### पेंडिंग रहा तो खड़े होंगे खुद अफसर

पीजीएन पोर्टल अंतर्गत आवेदनों का ऑनलाईन निराकरण किया जाना है। उक्त पोर्टल में एक वर्ष से ऊपर लंबित आवेदन पर संबंधित विभाग प्रमुख को राज्य स्तरीय विडियों कांफ्रेसिंग के दौरान उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर पेंशन के प्रकरण लंबित होने पर अंसतोष व्यक्त करते हुए कोषालय स्तर, संयुक्त संचालक को निराकरण करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि, जरूरत मंद लोगों को निःशुल्क कृत्रिम उपकरण उपलब्ध कराने हेतु शिविर आयोजित किया जाना है। सभी जनपद सीईओ विकासखण्डवार हितग्राहियों की सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।



### रसमड़ा और बेमेतरा तक सिटी बस

कलेक्टर ने जिले में आयुष्मान योजना के तहत पंजीयन एवं पीवीसी कार्ड वितरण की जानकारी ली। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने की अद्यतन स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कार्ड बनाने अभियान चलाने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कहा कि, परिवार के प्रत्येक सदस्य का आयुष्मान कार्ड बनायी जाए। आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया का पोस्टर, होर्डिंग्स के माध्यम से चौक-चौराहों पर प्रदर्शित किया जाए। कलेक्टर ने जिले में आइल पॉम की खेती के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों को प्रचार करने कहा हैं। दुर्ग से रसमड़ा तथा दुर्ग से बेमेतरा सिटी बस सेवा प्रारंभ किया जाना है।

## तैयारी : जिले में नए किसानों को कराना होगा समितियों में पंजीयन

# डेढ़ हजार नए किसान का पंजीयन 31 अक्टूबर तक जोड़ सकेंगे नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन द्वारा आगामी नवंबर माह को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी किए जाने की घोषणा कर दी गई है। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा किसानों के पंजीयन को लेकर प्रचार प्रसार नही किए जाने के कारण अभी भी कई किसान पंजीयन से वंचित है। इन किसानों को आगामी 31 अक्टूबर तक समितियों में पंजीयन कराने की मोहलत दी गई है।

जानकारी अनुसार पिछले साल एक लाख 12314 किसानों ने पंजीयन कराया था। इस बार अब तक एक लाख 10618 किसानों का रकबा इस साल के लिए एकीकृत पोर्टल में कैरी फारवर्ड कर लिया गया हैं। वही करीब 1558 नए किसानों ने पंजीयन कराया है। लेकिन पिछले साल जहां एक लाख 12313 किसान थे, वही इस बार एक लाख 10618 किसान ही सामने आए है। पिछले साल की अपेक्षा करीब 138 किसान कम हो गए हे। हांलाकि इसे खरीदी बिक्री से जोडकर देखा जा रहा है। अफसरों का कहना हैं कि, किसान कम होने का दूसरा कारण रिकार्ड अपडेट नही होना है। ऐसे में आगामी 31 अक्टूबर तक किसानों की संख्या बढ सकती है। बहरहाल किसानों को धान बेचने के लिए पंजीयन कराने 31 अक्टूबर तक की मोहलत दी गई हैं।

## आगामी नवंबर माह से जिले में होगी धान की खरीदी, तैयारी में जुटा जिला प्रशासन



### पिछले साल 58 लाख क्विंटल की खरीदी

पिछले साल जिले के 110762 किसानों ने 121581 हेक्टैयर रकबा पर पंजीयन कराया था। अंतिम मोहलत तक 105778 किसानों ने 113195 हेक्टैयर रकबे में सरकार को 587369 क्विंटल धान बेचा था। इस बार भी करीब एक लाख 35 हजार हेक्टेयर में किसानों ने धान का फसल लगाया है। जिसके चलते इस बार रकबा बढने से धान की बंफर आवक होगी। बहरहाल धान खरीदी नीति आने के बाद खरीदी का टारगेट भी स्पष्ट हो जाएगा।

### पुराने किसानों को पंजीयन की जरुरत नहीं

पिछले साल ऐसे किसान जिन्होने समर्थन मूल्य पर धान बेचा था। उन्हें दुबारा पंजीयन कराने की जरूरत नही होगी। जबकि ऐसे किसान जिन्होने जमीन बेची है और नई खेती जमीन खरीदी है, उन्हें जहां रकबा अपडेट करना होगा और खेती जमीन खरीदने वाले किसानों को नया पंजीयन कराना होगा। पूर्व में नए किसानों का पंजीयन तहसील माड्यूल में होता था, लेकिन अब समितियों में ही सभी किसानों का पंजीयन एकीकृत पोर्टल में किया जा रहा हैं। अफसरों का कहना है कि, धान खरीदी नीति फिलहाल जारी नही हुई है। ऐसे में और भी कुछ बदलाव हो सकते है।

### गिरदावरी रिपोर्ट के बाद आएगा आंकड़ा

बहरहाल जिले में धान सहित अन्य फसलों का गिरदावरी रिपोर्ट राजस्व विभाग द्वारा तैयार किया जा रहा हैं। जिसमें पटवारी मौके पर कितने रकबा में कौन से फसल लगे है, इसकी पडताल कर रहे हैं। गिरदावरी रिपोर्ट के आधार पर जो आंकडे सामने आएंगे, इसे एकीकृत पोर्टल में फीड किया जाएगा। जिसके आधार पर ही किसानों से धान की खरीदी होगी। बडी बात यह है कि, इस रिपोर्ट का मिलान भुईंया पोर्टल से किया जाएगा। एकीकृत पौर्टल में पहले ही भुईंया साफ्टवेयर लिंक है। ऐसे में दोनो की वास्तविक जानकारी एकीकृत पोर्टल के जरिए सामने आएगी।

# मॉडल कॉलेज में वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ साइबर अटैक से बचने किया गया जागरुक

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय धनोरा में विगत दिनों वित्तीय साक्षरता (फाइनेंशियल लिट्रेसी) विषय पर व्याख्यान का आयोजन वाणिज्य विभाग द्वारा प्रभारी प्राचार्य विकास पंचाक्षरी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शेख मो. जावेद आई.सी.आई.सी.आई. फाउंडेशन भिलाई के सदस्य मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित रहें। प्रभारी प्राचार्य पंचाक्षरी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्य अतिथि मो. जावेद ने विद्यार्थियों को वित्तीय प्रबंधन एवं वित्तीय नियोजन के संबंध में और इसके साथ ही वर्तमान में चल रही ऑनलाईन धोखाधड़ी के बारे में जानकारी दी एवं इससे बचने के उपाय संबंधी अनेक महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाएं जिसका लाभ भविष्य में होगा आदि जानकारी भी दी गई। द्वितीय वक्ता के रूप में विभागाध्यक्ष सुश्री श्वेता साव द्वारा भी इस विषय पर व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन भी किया गया। जिसमें रंगोली में प्रथम स्थान साक्षी नेगी (बी.एस.सी. तृतीय वर्ष), द्वितीय स्थान त्रिषिका उइके (बी. कॉम. तृतीय वर्ष) एवं अंतिम स्थान वर्षा यादव (बी.एस.सी. तृतीय वर्ष) ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान श्रीया गौतम (बी.कॉम. द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान सोमिका यदु (बी. एस.सी. तृतीय वर्ष) एवं अंतिम स्थान आदित्य गेंद्रे (बी.सी.ए. प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया। कार्यक्रम की प्रमुख संयोजक वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री श्वेता साव एवं सह-संयोजक एवं संचालिका छाया साहू सहायक प्राध्यापक वाणिज्य थी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. हेमा कुलकर्णी, कल्पना शुक्ला पाण्डेय, डॉ. स्वाती तिवारी, विश्वनाथ ताम्रकार, डॉ. संदीप कुमार, शाहिस्ता एवं अतिथि व्याख्याता अथिति सिंह एवं विद्या वर्मा उपस्थित रहीं।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मेरी पॉलिसी मेरे हाथ, 30 कृषकों को किया पॉलिसी का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



■ विकासखंडस्तर पर भी किया गया पालिसी वितरण

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्टोरेट सभा कक्ष में जिले के 30 कृषकों को प्रतीकात्मक रूप से फसल बीमा पॉलिसी मेरी पॉलिसी मेरे हाथ का वितरण कर पालिसी वितरण का शुभारंभ किया। इसी कड़ी में 1 अक्टूबर को विकासखण्ड स्तर पर भी बीमित कृषकों को फसल बीमा पॉलिसी वितरण किया गया। अभियान में सफल संचालन हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर भी सतत रूप से फसल बीमा पॉलिसी वितरण किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि फसलों को प्रतिकुल मौसम सूखा, बाढ़, कीटव्याधी, ओलावृष्टी आदि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई एवं कृषकों को राहत दिलाने हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू है। खरीफ वर्ष 2024 में फसल बीमा आवरण में सम्मिलित समस्त कृषकों को फसल बीमा पॉलिसी उपलब्ध कराने हेतु मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान के तहत पॉलिसी वितरण कराया जाना है।

अभियान के क्रियान्वयन हेतु जिला, विकासखण्ड एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कृषकों को पॉलिसी वितरण का कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। उप संचालक कृषि के अनुसार अभियान का मुख्य उद्देश्य कृषकों को फसल बीमा योजनांतर्गत पॉलिसी के माध्यम से बीमित राशि, बीमाकृत फसल, कुल बीमाकृत प्रीमियम राशि जैसे विवरण के साथ पॉलिसी प्राप्त होती है और निकट भविष्य में आवरित जोखिम के उपरान्त दावा निपटाने हेतु इस पॉलिसी का उपयोग कृषक कर सकते है। कृषकों को पॉलिसी वितरण के अवसर पर उप संचालक कृषि संदीप कुमार भोई एवं अन्य अधिकारी, बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि तथा कृषक उपस्थित थे।

# स्वच्छता सेवा : विधायक व महापौर ने स्कूल के हजारों बच्चों को एक साथ दिलाई स्वच्छता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



■ स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक

नगर पालिक निगम द्वारा सुराना कॉलेज में स्वच्छता सेवा कार्यक्रम हुआ। जिसमें विधायक गजेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं प्रधानाध्यापक द्वारा स्कूली बच्चों के साथ अभिभावकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

बता दे कि विशेष स्वच्छता अभियान स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सभी वार्डों में चलाया जा रहा है। जिसमें 17 सितंबर से प्रतिदिन अलग अलग 60 वार्डो के क्षेत्रों में कार्यक्रम चलता रहा। जिसका सेठ रतनचंद सुराना कॉलेज, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय दीपक नगर, विश्वदीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आदर्श कन्या विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, जेआरडी नेशनल स्कूल के शामिल हजारो बच्चो को एकत्रित कर स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। पश्चात लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव व महापौर धीरज बाकलीवाल ने व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता का महत्व बताया। बच्चों को साबुन से हाथ धोने का तरीका सिखाया। स्वच्छता की आदत अपनाने के लिए प्रेरित किया। विधायक गजेंद्र यादव व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि हर सप्ताह सिर्फ दो घण्टे श्रमदान कर स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करे। हम गंदगी नहीं करेंगे बल्कि लोगों को भी गंदगी न करने की अपील करेंगे। इसकी शुरूआत हम अपने घर, परिवार, मुहल्ले व कार्यस्थल से करनी होगी। साफ.सफाई रहेगी तो हम निरोगी होने के साथ ही साथ स्वस्थ भी रहेंगे और हमारा समाज व देश भी स्वस्थ होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम पीआईयू कुणाल, स्वच्छता निरीक्षक स्वच्छता एम्बेसडर विश्वनाथ पाणिग्रही शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# विधायक सेन ने वाटर स्प्रिंकल से की प्रतिमाओं की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्वच्छता ही सेवा 2024 की थीम 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' के तहत मंगलवार को वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने शहर में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं को जल से नहलाकर कर आस-पास के लोगों को नियमित सफाई करने का आह्वान किया। सेन ने विधानसभा की विभिन्न स्कूल और कॉलेज पहुंच कर स्वच्छता, सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में लोगों को भागीदारी के लिए एकजुट किया और 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के तहत स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।



### लोगों को किया जागरूक

सेन ने कहा कि स्वच्छता परंपरागत रूप से हमारे स्वभाव और संस्कार में रही है। विगत 17 सितम्बर से प्रारंभ 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के तहत 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की थीम पर साफ-सफाई के बारे में लोगों को जागरूक करने और जन भागीदारी बढ़ाने विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के 1800 स्कूलों, 105 कॉलेजों तथा 45 आईटीआई व इंजीनियरिंग कॉलेजों में करीब पांच लाख लोगों को शपथ दिलाई जा रही है वहीं स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत 17 करोड़ से अधिक लोगों की सार्वजनिक भागीदारी के साथ 19.70 लाख से अधिक कार्यक्रम पूरे किए गए हैं।

## पंचायत स्तर पर कार्यों की होगी पड़ताल, विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा भी

# आज जिले के पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ ग्राम पंचायतों में दी जाएगी जानकारी

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं उनके आश्रित ग्रामों में ग्रामसभा का आयोजन करने के लिये एक समय सारणी तैयार कर स्थानीय आवश्यकता अनुसार अधिकारियों, कर्मचारियों को विशेष जिम्मेदारी दी है। 02 अक्टूबर 2024 में आयोजित ग्रामसभा में विभिन्न बिन्दुओं पर विशेष रुप से चर्चा की जायेगी।

जिसमें ग्रामसभा की पूर्व बैठक में पारित संकल्पों के क्रियान्वयन संबंधी पालन प्रतिवेदन, पंचायतों में विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन, पिछली छःमाही में विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्य के नाम प्राप्त राशि, स्वीकृत राशि, व्यय राशि एवं कार्य की अद्यतन स्थिति का वाचन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत ग्राम पंचायतों में ग्रामीण परिवारों द्वारा रोजगार की मांग तथा उपलब्ध कराये गये रोजगार की स्थिति की समीक्षा, सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण एवं हितग्राहियों का सत्यापन के संबंध में कार्यवाही, जरुरतमंद व्यक्तियों के लिये पंचायतों द्वारा वितरित खाद्यान्न एवं उसके लाभान्वितों के नामों का वाचन, जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित प्रकरणों के लबित निराकृत एवं वितरित प्रमाण पत्रों की जानकारी, मौसमी बीमारियों के निदान एवं निवारण पर चर्चा करना एवं उससे निपटने चिकित्सकीय सुविधाओं का अवलोकन करना एवं इस संबंध में जागरुकता फैलाना, ग्राम पंचायतों में अनिवार्य कर के आरोपण एवं वसूली के प्रगति की समीक्षा, पंचायतो के वर्तमान पदाधिकारियों तथा अधिकारी, कर्मचारियों जिनसे पंचायतों के लेखा, हिसाब लेना है अथवा बकाया राशि है। उनके नामों का वाचन, ग्राम पंचायतों की समस्त सड़कों पर, मवेशियों (आवारा एवं पालतू) के कारण हो रहे दुर्घटनाओं में जान-माल की क्षति को रोकने हेतु उस ग्राम पंचायत क्षेत्र से गुजरने वाली समस्त सडकों (विशेषतः राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग तथा मुख्य जिला मार्गा) के संबंध में सभी संभव उपायों एवं प्रभावी व्यवस्था की चर्चा करना, आमजनों में जागरुकता बढ़ाना एवं अपने मवेशियों को सड़कों पर खुले नहीं छोड़ने का संकल्प पारित करना तथा सड़कों पर खुला छोड़े जाने पर छ.ग. पंचायत राज अधिनियम, 1993 के प्रावधानों के तहत जुर्माना, शास्ति अधिरोपित करना, वित्तीय वर्ष 2025-26 की ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण आयोजित ग्राम सभा के पूर्व ड्राफ्ट कार्ययोजना पर चर्चा व पूर्व वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना की समीक्षा की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### गांधी जयंती पर प्रार्थना सभा आज

**भिलाई।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर 2 अक्टूबर को भिलाई निवास के बहुद्देशीय सभागार में सुबह 8 बजे प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है। भिलाई इस्पात संयंत्र की ओर से भिलाई इस्पात संयंत्र की बिरादरी की ओर से महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित करेगा। इस अवसर पर बापू का प्रिय गायन, सर्व धर्म प्रार्थना सभा में गीता पाठ, कुरान, गुरु ग्रंथ साहब व बाईबिल का पाठ किया जाएगा।

### एफएसएनएल, कर्मियों ने काला फीता लगाकर किया विरोध

**भिलाई ।** भारत सरकार के उपक्रम फेरो स्क्रेप निगम लिमिटेड भिलाई के निजीकरण पर रोक लगाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है। कर्मियों ने मंगलवार को आज काला फीता लगाकर काम कर विरोध जताया। यूनियनों ने चेताया है कि यदि जल्द ही निजीकरण पर लोक नहीं लगी तो लंबी हड़ताल करेंगे। एफएसएनएल के निजीकरण के खिलाफ चार दिन पूर्व अनिश्चितलीन हड़ताल शुरु की गई थी। इस दौरान सोमवार को सेल प्रबंधन के आग्रह पर यूनियनों ने इसे स्थगित कर काला रिबन लगाकर विरोध जारी रखने का निर्णय लिया था। इसके तहत एफएएसएनएल भिलाई मुख्यालय सहित सेल क सभी यूनिटों में कर्मियों व श्रमिकों ने काला फीता लगाकार काम किया। भिलाई फेरो इस्पात श्रमिक संघ के उपाध्यक्ष सुनित सिंह ने बताया शुरु से प्राफिट में रही एफएसएनएल को निजी हाथों में सौंपे जाने से कर्मियों का भविष्य अधर में हैं। निजीकरण पर तत्काल रोक लगाने की जरुरत है।

### चंगोरी के चिकित्सा शिविर में ग्रामीण लाभान्वित

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन ग्राम चंगोरी में किया गया। 35 लोगों की जांच कर उन्हें दवाई वितरण किया गया। सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई।

# बोनस को लेकर बैठक बेनतीजा समाप्त, यूनियनों ने ठुकराया 26081 का प्रस्ताव

## बोनस फार्मूला को अप्रासंगिक बता 40,500 मांगा बोनस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बोनस निर्धारित के लिए एनजेसीएस की हुई बहुप्रतीक्षित बैठक बिना बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई। पिछले से साल से बहुत कम बोनस राशि के प्रबंधन के आफर को यूनियनों ने एकजुटता से ठुकरा दिया। उन्होंने प्रबंधन के अड़ियल रवैये पर नाराजगी जाहिर की। सम्मानजनक बोनस के लिए सभी यूनियनों की कल 2 अक्टूबर को बैठक होगी, जिसमें दबाव की रणनीति तय होगी।

सेल कर्मचारियों के एक्सग्रेसिया (बोनस) को लेकर दिल्ली में एनजेसीएस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में सेल के डायरेक्टर और सदस्य यूनियनों के नेता उपस्थित थे। प्रबंधन ने सेल की वित्तीय स्थिति और पिछली बार के बोनस फार्मूला की चर्चा करते हुए मात्र 26081 रुपए बतौर बोनस देने का प्रस्ताव रखा। इसे सभी यूनियनों ने पूरी एकजुटता से ठुकरा दिया। सभी यूनियन प्रतिनिधियों ने 40500 रुपए बोनस दिए जाने की मांग की। सीटू, इंटक, एटक, एचएमएस,बीएमएस ने इसे जायज हक बताया। यूनियनों ने लेकिन प्रबंधन ने इससे अधिक बोनस देने पर असहमति दिखाई और बैठक बेनतीजा समाप्त हो गई। सीटू के महासचिव ललित मोहन ने कहा कि फार्मूले के अनुसार प्रबंधन 26081 से अधिक देने को तैयार नहीं। हमने स्पष्ट कर दिया गया कि भ्रामक फॉर्मूला अप्रासंगिक हो चुका है तथा 40500 रुपए को आधार मानकर बोनस की राशि तय की जाए। प्रबंधन के अड़ियल रवैये के चलते बैठक बेनतीजा समाप्त हो गई।




### आज 5 यूनियनों की बैठक, बनेगी रणनीति

प्रबंधन के अड़ियल रवैये से यूनियनों में असंतोष । यूनियन नेताओं ने कहा कि 40 हजार 500 से कम पर हम किसी भी स्थिति में तैयार नहीं होंगे। आखिर बोनस कर्मचारियों का वाजिब अधिकार है। दुर्गापूजा का त्योहार सामने है और प्रबंधन पिछले साल की तरह बोनस लटका रहा है । अब मांग के अनुरुप बोनस तय करने दिल्सभी यूनियनों की बैठक दो अक्टूबर यानी गांधी जयंती पर इंटक हेड आफिस में होगी। इसमें अगले कदम की तैयारी के बारे में निर्णय लिया जाएगा। एनजेसीएस की बोनस बैठक से पहले सभी भाग लेने वाले ट्रेड यूनियनों ने विस्तार से चर्चा की है। सभी में यह सहमति बनी है कि हमें एनजेसीएस के सभी लंबित मुद्दों जैसे 39 महीनों के बकाया, अतिरिक्त इंक्रीमेंट, एचआरए और अन्य भत्तों सहित बोनस का समाधान करने के लिए एकजुट होकर लड़ना होगा। 2022 में हुए वार्षिक बोनस समझौते की राशि 40,500 रुपये आज की बोनस बैठक में चर्चा का आधार होनी चाहिए।प्रबंधन ने वित्तीय स्थिति और उत्पादन मापदंडों की प्रस्तुति दी है। बोनस फार्मूला के अनुसार कर्मचारियों के लिए वार्षिक बोनस 26,081 रुपये और प्रशिक्षुओं के लिए 20,865 रुपये है।सीटू की ओर से हमने कहा है कि इस भ्रामक फार्मूला ने अपनी प्रासंगिकता खो दी है और आज हमें 40,500 रुपये से चर्चा शुरू करनी चाहिए।

## सेल का 31 मिलियन उत्पादन का है लक्ष्य, एक्सपान्शन भी लंबित

# बीएसपी में मेन पावर क्राइसेस का खामियाजा भुगत रहे कर्मी व प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में मेन पावर क्राइसेस का खामियाजा कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ ठेका मजदूरों को भी भुगतना पड़ रहा है। हर महीने किस्तों में रिटायर हो कार्मिकों के चलते वर्क्स व नान वर्क्स एरिय में उत्पादन और वर्किंग का अनुपात निरंतर कम हो रहा है। इससे कर्मियों और प्रबंधन दोनों को ही कई तरह दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

- तीन दशक पूर्व 62 हजार थे कर्मचारी, वर्तमान में मात्र 12 हजार

उल्लेखनीय है कि सेल की सबसे बड़ी यूनिट बीएसपी में पिछले कुछ सालों से मेन पावर निरंतर कम हो रहा है। एक तरफ तो हर महीने 60 से सौ कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर नई भर्ती नहीं हो रही है। वर्तमान मे मात्र 12 हजार कर्मचारी और करीबन ढाई हजार अधिकारी बच रह गए हैं। यूनियनों के मुताबिक तीन दशक पूर्व संयंत्र में मेन पावर 62 हजार था। लेकिन 90 के दशक में आर्थिक उदारीकरण के दौर के बाद सेवाच्छित सेवानिवृत्ति योजना को प्रोत्साहित करने, भर्ती का ग्राफ गिरने से लगातार मेन पावर कम हो रहा है। इसकी कीमत कार्यर त कर्मियों व अफसरों को चुकानी पड़ रही है। इन पर वर्कलोड बढ रहा है। प्रबंधन रिटायर कर्मियों की भरपाई ठेका मजदूर बढ़ा कर रहा है। वर्तमान में 22 हजार ठेका मजदूर हैं। यूनियनों के मुताबिक जिस काम के दबाव के साथ दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। वहीं भारतीय मानव शक्ति इंडेक्स के तहत उत्पादन व मेन पावर का संतुलन बिगड़ रहा है। कई मिलों , शाप्स आदि में गिनती के कर्मचारी काम कर रहे हैं। बीएसपी धीर धीरे आउटसोर्स से निजीकरण की तरफ ले जाया जा रहा है।

## कर्मियों व अधिकारियों के साथ ठेका मजदूरों पर भी बढ़ रहा काम का दबाव



### पलायन भी एक बड़ा कारण

मेन पावर कम होने की एक वजह बीएसपी से कर्मियों व अधिकारियों का पलायन भी बताया जा रहा है। सेल में वेतन और सुविधाएं और बोनस व पीआरपी कम होने से अधिकारी कर्मचारी अन्य उपक्रमों की ओर पलायन कर रहे हैं। अब तक अनेक अधिकारी व डाक्टर तथा डिप्लोमा होल्डर बीएसपी को छोड़ कर अन्य निजी या केंद्रीय उपक्रमों में जा चुके हैं। यूनियनें व सेफी सालों वेतन व सुविधाएं बढ़ाने प्रधानमंत्री सहित तमाम मंत्रियों व सेल तथा मंत्रालय के अफसरों से मांग कर रहे हैं लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

### कैसे पूरा होगा उत्पादन व एक्सपांशन लक्ष्य

भिलाई इस्पात संयंत्र में यदि इसी तरह तेजी से मेन पावर कम होता गया तो फिर इसका असर बीएसपी के साथ सेल के आगामी उत्पादन लक्ष्य व लंबित बीएसपी के एक्सपांशन प्रोजेक्ट पर भी पड़ेगा। सेल की योजना बीएसपी के उत्पादन को मौजूदा 5 मिलियन टन से आगे और सेल के उत्पादन को 11 से 31 मिलियन टन उत्पादन तक ले जाने का है। एक्सपांशन प्रोजेक्ट को अब तक पूर्ण हो जाना था लेकिन आलम यह है कि शुरु ही नहीं हो पाया है । आखिर यह दोनों लक्ष्य अल्प मेन पावर में कैसे पूरे होंगे।

## गांधी जयंती पर शिक्षकों का सत्याग्रह

**दुर्ग।** छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने एक बार फिर आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। गांधी जयंती पर रायपुर में प्रदेशभर के शिक्षक फिर से जुटने वाले है। इससे पहले फेडरेशन के हडताल से सरकारी कामकाज ढप रहा था, वही एक बार फिर शिक्षकों ने हडताल की चेतावनी दी है। प्रांत सह संचालक चंद्रशेखर तिवारी ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि, शिक्षक एलबी संवर्ग की मुख्य मांगो का उल्लेख करते हुए, जिले के शिक्षकों से अपील की है कि, हम समस्त संविलियन प्राप्त शिक्षक विभिन्न विसंगतियों से घिरे हुए हैं। जिसमे प्रमुख रूप से प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना न कर संविलियन तिथि से समस्त लाभ दिए जाने के शासन के निर्णय से पूरा शिक्षक एलबी संवर्ग ठगा सा महसूस कर रहा है। क्योंकि संविलियन तिथि से गणना करने पर न तो पुरानी पेंशन में पूर्ण पेंशन मिलेगा, न ही ग्रेज्युटी का पूरा लाभ मिलेगा, न क्रमोन्नति, समयमान का लाभ मिल पा रहा है। जिससे वेतन में भारी विसंगति आ गई है। वहीं 2 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में प्रदेशभर के शिक्षक एलबी संवर्ग के साथ दुर्ग जिले के शिक्षक भी बडी संख्या में सत्याग्रह पदयात्रा में शामिल हो रहे हैं।






# हजारों लोगों ने इमाम हैदर को नम आंखों से दी आखिरी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जामा मस्जिद सेक्टर-6 में 45 साल तक इमामत करने वाले पहले इमाम हाजी हाफिज अजमलुद्दीन हैदर (82) को सोमवार 30 सितंबर की रात कब्रिस्तान हैदरगंज में सुपुर्दे खाक किया गया। इसके पहले ईदगाह सेक्टर-6 के मैदान में उनकी नमाजे जनाजा पढ़ी गई। जिसमें हजारों की तादाद में दुर्ग-भिलाई, रायपुर, राजनांदगांव और आसपास से लोगों ने भागीदारी दी। इमाम हैदर का 30 सितंबर की दोपहर शहर के एक निजी अस्पताल में इंतकाल हो गया था। उनकी नमाजे जनाजा में उमड़ी भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियंत्रित किया। इमाम हैदर के इंतकाल पर जनप्रतिनिधियों व समाज के प्रमुख लोगों ने शोक जताया है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय ने शोक व्यक्त किया। भिलाई विधायक देवेंद्र यादव का शोक संदेश लेकर उनके प्रतिनिधि राजेंद्र परगनिहा पहुंचे थे। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने भी इमाम हैदर को अपनी श्रद्धांजलि दी है। वहीं भिलाई की प्रथम महापौर नीता लोधी, कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, विधायक देवेंद्र के बड़े भाई धर्मेंद्र यादव, समाजसेवी व प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर कंडास्वामी गुरुनाथ, पार्षद वशिष्ठ नारायण मिश्रा, आदित्य सिंह, नोमिन साहू और साधना सिंह, मानव एकता समिति के सरदार बचन सिंघ, अभिषेक सिंह, भाजपा नेता राम उपकार तिवारी और पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र साहू सहित अन्य लोगों ने भी अपनी श्रद्धांजलि दी है।



- विधायक द्वय और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सहित अनेक लोगों ने दी अपनी श्रद्धांजलि

### आज सियम की फातिहा होगी मस्जिद में

इमाम हाजी हाफिज अजमलुद्दीन हैदर के इंतकाल के तीसरे दिन सियम की फातिहा 2 अक्टूबर बुधवार को सुबह 9 बजे से जामा मस्जिद सेक्टर-6 में रखी गई है। यहां कुरआने पाक की तिलावत होगी और फातिहा ख्वानी होगी। सियम की फातिहा में शामिल होने औरतों के लिए मरहूम इमाम साहेब के स्ट्रीट-24, क्वार्टर 7 बी, सेक्टर-2 स्थित निवास पर इंतजाम किया गया है।

# प्रेस क्लब भवन के लिए करेंगे प्रयासः विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पार्टी, समाज और जनता के आशीर्वाद से मैं नपाध्यक्ष, विधायक, संसदीय सचिव बना और अभी दो बार से सांसद हूं। समय के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ती गई। अभी मुझे छग ओलंपिक संघ में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हमारी सफलता का पैमाना यह होना चाहिए कि सांसद-मंत्री सहित जितने भी जिम्मेदार पद पर रहते हुए हम समाज के लिए बेहतर क्या कर पाएं। राज्य और देश की प्रगति के लिए हम प्रयासरत हैं।

- छग ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष बनने पर सांसद विजय का किया सम्मान

उक्त बातें दुर्ग सांसद विजय बघेल ने काफी हाउस सुपेला में अपने छग ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष बनने पर सम्मान समारोह व प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में कहीं।

भिलाई के पत्रकारों ने रायपुर प्रेस क्लब की तरह भिलाई में सर्वसुविधायुक्त भवन उपलब्ध कराने का आग्रह किया, जिस पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान मैं घोषणापत्र समिति का संयोजक रहा। इस दौरान भी यह बातें मेरे संज्ञान में आई थी। प्रेस क्लब का भव्य भवन, पत्रकारों को रेलवे में छूट और बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले, इसके लिए वे प्रयास करेंगे। श्री बघेल ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष से सांसद बनने के दौरान पत्रकारों ने मुझे हमेशा अपना सहयोग दिया। विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान पत्रकारों के हौसले व जनता के आशीर्वाद से मुझे पिछले बार से भी ज्यादा मतों के अंतर से लोकसभा में जीत मिली। गाय को महाराष्ट्र की तरह छग राज्यमाता का दर्जा देने के सवाल पर उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में अच्छी पहल हुई है। हम सभी सांसद प्रधानमंत्री से आग्रह करेंगे, संसद में बात रखेंगे और कहेंगे कि गाय को राष्ट्र माता घोषित किया जाए। इससे गायों के संरक्षण और संवर्धन मिलेगा। सड़क पर दुर्घटना के शिकार हुए गोवंश को समुचित इलाज नहीं मिलने पर कहा कि वे स्वयं इसे देखेंगे, अस्पताल भी जाएंगे।





### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार योगेश दुबे, मयंक चतुर्वेदी, संजय शेखर,संदीप दीवान, योगेश गुप्ता, अखिलेश तिवारी, संदीप उपाध्याय, खिलावन सिंह चौहान, रमेश भगत, रमेश गुप्ता, कोमल धनेसर, जाकिर हुसैन, मिथलेश ठाकुर, अनुभूति भाखरे,राधा मोहन मिश्रा, राजेंद्र गोस्वामी, आरबी केशरवानी, राजकुमार आर्य, संतोष तिवारी,संतोष मालिक यशवंत साहू, सतीश बौद्ध,, आनंद ओझा, निलेश त्रिपाठी, दिनेश चौहान, विजय दुबे, तापस सान्याल, मनेन्द्र पटेल, प्रदीप राव, बहादुर खान, सचिन मोरे,सुरेंद्र विराट,पी मोहन,बीणा दुबे साहिन खान, दीप माला सिन्हा, ईसा साहू, पूनम भारती, निधि, भारती कौर, मनीषा सिंह,दीपक डहाड़, उमेश पांडेय, गौरव तिवारी, भूपेंद्र सिंह, मुकेश बनवासी,उमेश पासवान, शमसेर खान, रवि सोनकर,गौकरान निषाद, श्रीकांत, सन्नी देवांगन, अभिषेक सावल, बिरजेंद्र टंडन, दीपक सिंह , सिवेन्द्र सिंदे,संजय सिंह, वैभव चंद्राकर,अनीता,बी जॉन,राजेश शर्मा, अतुल शर्मा, सोलोमन,आशीष तिवारी, दिनेश पोरवार आदि पत्रकार उपस्थित थे।















04 फैशनेबल अदाएं

## लाइव इवेंट

### बुजुर्गों को दी स्वास्थ्य की जानकारी, आंखों से कमजोर को मिली सहारे की छड़ी



**भिलाई।** विश्व वयोवृद्ध दिवस पर शासकीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सोमनी भिलाई-3 में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बी ई टी ओ व स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि वृद्धजनों की स्वास्थ्य देखभाल और आयु अनुसार दवाओं के नियमित सेवन से जुड़ी विभिन्न जानकारियां दी गई। इस मौके पर दोनों आंखों से कमजोर पुसाऊ राम यादव को सहारे की छड़ी दी गई, जिससे उन्हें चलने-फिरने में सुविधा हो सके। सैय्यद ने बताया कि 60 वर्ष के बाद वृद्धजनों को बीपी, शुगर, नज़र की कमी, सुनने की क्षमता में कमी, हड्डियों में कमजोरी, थकावट, याददाश्त में कमी, पेशाब में तकलीफ़ और शौच की समस्या बढ़ती उम्र के कारण शुरू हो जाती है इसलिए उनकी देखभाल करने वाले परिवार के सदस्यों को प्रत्येक स्थिति पर ध्यान रखना चाहिए। दवा समय पर खिलाना, समय समय पर स्वास्थ्य जांच कराना चाहिए। पैरों में कमजोरी से गिरने का डर रहता है, इसलिए रात्रि में सहारे के एंव रोशनी के माध्यम के साथ चलना चाहिए। इस उम्र में बाथरूम में भी फिसलकर का गिरने के ज्यादातर मामले मिलते हैं। साल में दो बार पूरे शरीर की स्वास्थ्य जांच करानी चाहिए।

विश्व वयोवृद्ध दिवस पर नेत्र सहायक चिकित्सा अधिकारी जे कौर विरदी ने 20 बुजुर्गों की नेत्र जांच की। जिसमें एक काला मोतियाबिंद का केस मिला। उन्हें विकलांग प्रमाण पत्र बनवाने जिला अस्पताल दुर्ग रेफर किया गया।

कार्यक्रम में सीनियर कंसल्टेंट एलएचव्ही आर विश्वास, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका नीना चक्रवर्ती, एएनएम जे डी मानिकपुरी, नेत्र सहायक चिकित्सा अधिकारी जे कौर विरदी, मितानिन गंगा वर्मा, वेद कुंवर, सुनीता वर्मा और संतोषी लहरें सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सिटी इवेंट

### स्वच्छता की पहली सीढ़ी परिवार से शुरू होती है, स्वच्छता रखना हमारा नैतिक कर्तव्य



**भिलाई।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में स्वच्छता ही सेवा अभियान एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिवेंद्र परिहार पार्षद दुर्ग व धर्मेन्द्र यादव भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम ए सिद्दकी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना का इतिहास, एनएसएस के उद्देश्य और प्रतीक चिन्ह के बारे में स्वयंसेवकों को सारगर्भित जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा की स्वच्छता की पहली सीढ़ी परिवार से शुरू होती है और धीरे- धीरे परिवार से समाज, समाज से राज्य और राज्य से राष्ट्र तक का सफर तय होता है, स्वच्छता रखना हमारा नैतिक कर्तव्य है। इसके लिए विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ - साथ चारित्रिक विकास भी आवश्यक है। अंत में उन्होंने उपस्थित प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अनिल कश्यप, डॉ अभिनेष सुराना, डॉ अश्विनी महाजन, डॉ एलिजाबेथ भगत उपस्थित थे। स्वागत भाषण कार्यक्रम अधिकारी तरूण साहू एवं धन्यवाद डॉ मीना मान ने दिया। डॉ मान ने कार्यक्रम के अंत में स्वैच्छिक रक्तदान की शपथ दिलाई।

### घर घर जाकर बनाया सदस्य निकलेगी सदस्यता रथयात्रा



**भिलाई।** भाजयुमो प्रदेश नेतृत्व के अंतर्गत भिलाई अध्यक्ष अमित मिश्रा के नेतृत्व में चरोदा, कुम्हारी,सुपेला, रिसाली, मंडल द्वारा बूथ में घर-घर जाकर बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया गया। युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी जयंत शर्मा ने बताया कि एक सितंबर से सदस्यता अभियान की शुरुआत हुई है प्रत्येक बूथ पर 200 लोगों की सदस्यता का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दूसरे चरण में 4 से 11 अक्टूबर तक सदस्यता रथयात्रा निकाली जाएगी जो छह दिन तक भिलाई जिले का दौरा कर कॉलेजों, कोचिंग सेंटर, हॉस्टल शैक्षणिक संस्थानों, जिम, खेल मैदान, युवा समितियां, एनएसएस, एनसीसी, युवा मंडलियों के बीच में जाकर सदस्यता अभियान की गति देगी।

● निशुल्क पंजीयन कर प्रतिभागियों को मिलेगा प्रतियोगिता जीतने का मिलेगा मौका

# नवरात्र के रंग हरिभूमि गरबा के संग, निःशुल्क ट्रेनिंग में प्रतिभागी जमकर बहा रहे पसीना, 6 व 7 को होगा ग्रैंड फिनाले

शारदीय नवरात्रि के लिए देवी मंदिरों में साज-सज्जा चल रही है। वहीं गली-मोहल्लों में दुर्गा पंडाल सजाए जा रहे हैं। गरबा-डांडिया की प्रैक्टिस भी चल रही है। नवरात्रि में हरिभूमि व आईएनएच द्वारा आयोजित डांडिया रास गरबा 2024 का आयोजन 6 व 7 अक्टूबर को सेक्टर 8 स्टील क्लब प्रांगण में होने जा रहा है। जिसमें भक्त मां की आराधना गरबों के माध्यम से करेंगे। नवरात्रि पर इस बार भी ट्विनसिटी पूरी तरह से उत्सव में डूबने को आतुर दिखाई दे रहा है।



भिलाई। नवरात्र पर्व पर दैनिक हरिभूमि भिलाई और आईएनएच के संयुक्त तत्वावधान में भव्य डांडिया रास गरबा कार्यक्रम का आयोजन 6 और 7 अक्टूबर तक सेक्टर 8 स्टील क्लब में किया जाएगा। जिसके लिए स्टील क्लब में दोपहर 2 से 5 बजे तक गरबा की ट्रेनिंग ट्रविनसिटी के स्पेशल ट्रेनर्स द्वारा स्टील क्लब सेक्टर 8 में दी जा रही है। ट्रेनिंग के लिए अभी चार दिन शेष बचे है।

### गरबा सीखने सभी आयु वर्गों में दिख रहा उत्साह

गरबा ट्रेनिंग में रोज सैंकड़ो लोग शामिल हो रहे हैं। ताकि हरिभूमि के गरबा कार्यक्रम में धूम मचा सकें। ट्रेनिंग सेशन के चौथे दिन मंगलवार को डांडिया के स्टेप सिखाये गये। साथ ही गुजरात का पारंपरिक गरबा भवानी, सनेड़ो, डाकला, टिटोड़ो, टिमली आदि गरबा के स्टेप सीखे। नृत्य कला मंदिर रिसाली की डायरेक्टर रानी नंदनी व साई एरोबिक्स क्लासेस के मार्गदर्शन में हरीश किंग्स ऑफ गरबा के हरीश, नृत्य गुरु जानकी राव व तारिका सोनकर द्वारा गरबा के विभिन्न स्टेप्स सिखाएं गए। 5 अक्टूबर को ट्रेनिंग में आने वाले सभी प्रतिभागियों को ग्रैंड फिनाले में शामिल होने के लिए बैच और पास दिया जाएंगे। इसलिए इस दिन ट्रेनिंग में आना जरूरी है।



### ट्विनसिटी के लोगों में दिख रहा उत्साह

आज के ट्रेनिंग प्रोग्राम में लोगों का उत्साहवर्धन करने आरोग्यम हॉस्पिटल की एमडी कविता दारुका, चेंबर ऑफ कामर्स महिला विंग अध्यक्ष सरोजनी पाणिग्रही, महामंत्री सुमन कन्नौजे, सविता शर्मा, महिला पुलिस कांउसलर जया दुबे, संस्कार बुटिक की संचालिका प्रभा गुप्ता, समाजसेवी अनामिका रमेश पटेल, अनुपमा सोनी, अनिका गुप्ता, रश्मि अग्रवाल, अवनी अग्रवाल, प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। उपस्थित सभी अतिथियों ने प्रतिभागियों के साथ मिलकर भवानी गरबा का अभ्यास भी किया। नृत्य कला मंदिर रिसाली से बिट्टू, प्रियल सहित रंगोली आर्टिस्ट आरके भीमा ने सभी प्रतिभागियों को ताल से ताल मिलाने में मदद की। सीजन 9 का ग्रैंड फिनाले 6 और 7 अक्टूबर को सेक्टर 8 स्टील क्लब में शाम 7 बजे से किया जायेगा। इस आयोजन से संबंधित जानकारी के लिए हरिभूमि कार्यालय 0788-4091720 और 9755819129 में संपर्क किया जा सकता है।

### ये हैं सहयोगी

डांडिया महोत्सव सीजन 9 के एसोसिएट पार्टनर कमला मोटर्स गंजपारा दुर्ग, स्पर्श हॉस्पिटल रामनगर, अनु ब्यूटी स्टूडियों नेहरु नगर, आरोग्यम हॉस्पीटल, अतुल महाजन, संस्कार बुटिक सेक्टर 7, इनर व्हील क्लब भिलाई स्टील सिटी सदस्य अनामिका रमेश पटेल, अनुपमा सोनी प्रगति नगर रिसाली, लेटेस्ट कलेक्शन महाराजा चौक दुर्ग है।



## अभिनय के शौक ने रंगमंच को बनाया प्रोफेशन

■ युवा रंगकर्मी रोहित की उड़ान

**भिलाई ।** कला, साहित्य के लिए प्रदेश और देश में एक अलग पहचान बनाने वाली भिलाई के रंगमंच के क्षेत्र में युवा कलाकार लीक से हटकर काम कर रहे हैं। फौलादी संस्कृति और इप्टा के माहौल का यहां इतना अधिक असर है कि युवा ही नहीं बल्कि बाल कलाकारों की भी रगों में भी थिएटर लहू बनकर दौड़ रहा है। बचपन से नाटक देखकर रंगमंच में आने वाले रोहित रेड्डी एक ऐसे ही प्रतिभावान युवा कलाकार हैं, जो अभिनयअदायगी से लेकर डांस तक हर फन में कमाल दिखा रहे हैं।

एक दशक से रंग क्षितिज में सक्रिय अभिनेता रोहित को भिलाई के राष्ट्रीय स्तर के रंग माहौल ने इस कदर आकर्षित किया कि थिएटर के ही होकर रह गए। दिलचस्पी ऐसी कि उनका यह शौक ही उनका प्रोफेशन बन गया है। इप्टा से जुड़े रोहित बतौर अभिनेता होने के साथ अच्छे



कोरियोग्राफर भी हैं। डांस डायरेक्टर होने के कारण उन्हें एक निजी स्कूल में बच्चों के बीच डांस टीचर के रुप में बच्चों के बीच सिखाने सीखने का मौका मिल रहा है। लेकिन उनकी पहली पसंद थिएटर में अभिनयअदायगी ही है। भिलाई की बहुभाषीय नाट्य स्पर्धा से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर भी वे कई नाटकों में अभिनय के जौहर के साथ बेस्ट एक्टिंग के अवार्ड से सम्मानित चुके हैं। रोहित हैं तो एक खासियत यह है कि वे हैं तो मूलतह तेलुगु भाषी लेकिन हिंदी और छत्तीसगढ़ी भाषा में उनकी खासी पकड़ हैं। दो साल पूर्व कांकेर में प्रगतिशील लेखक संघ के राज्य सम्मेलन और इप्टा के रजत जयंती समारोह में नेहरु हाउस में ममंचित इप्टा के नाटक चर्चित नाटक आप कौन चीज के डायरेक्टर हो जी में रोहित के अभिनय के साथ उनकी हिंदी संवादों का खासा सराहा गया। इसके अलावा थाली का बैगन, दूसरा पहलू आदि कई नाटकों में अभिनेता के रुप में पहचान बनाई। उनके समकालीन कलाकारो में श्रीकांत तिवारी, विक्रम, चार्ली श्रीवास्तव, अमिताभ आदि हैं।

**ट्रैफिक पुलिस को भी दिया योगदान :** प्रतिभाशाली कलाकार रोहित जिला ट्रैफिक पुलिस के आमंत्रण पर लोगों को ट्रैफिक सेंस लिए जागरुक कर चुके हैं। उन्होंने भिलाई दुर्ग में चौराहों में कई नुक्कड़ नाटकों का टीम के साथ प्रदर्शन कर सुगम यातायात व दुर्घटना नियंत्रण का संदेश दिया। रोहित बताते हैं कि अभिनय का शौक उन्हें स्कूल के दिनों से था। फिर भिलाई और इप्टा के माहौल का भी असर से पड़ा। फाक व सिनेमेटा आदि डांस डायरेक्शन में भी रुचि है। वे बच्चों को भी डांस सिखा रहे हैं।

## शिक्षा में डिजिटल प्रौद्योगिकी पर दो दिवसीय कार्यशाला में शिक्षकों को दी जानकारी



**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय संगठन अपने शिक्षकों को तकनीक और प्रौद्योगिकी में दक्षता प्रदान के उद्देश्य से शिक्षा में डिजिटल प्रौद्योगिकी पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य उमा शंकर मिश्र ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए नई शिक्षा प्रणाली में तकनीकी हस्तक्षेप की आवश्यकता पर जोर दिया। बिंदु शिवराजन ने शैक्षिक गतिविधियों में डिजिटल प्रौद्योगिकी के व्यवहारिक प्रयोग की जानकारी दी।

संजीव भदौरिया ने मल्टीमीडिया और शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में इसके अनुप्रयोग पर व्याख्यान दिया। उन्होंने इंडेंटेशन, स्पेसिंग और उचित संरेखण आदि के लिए विभिन्न शॉर्टकट के साथ वर्ड फ़ाइल में प्रश्न पत्र को सेट करना विस्तार से बताया। स्कूली शिक्षा में डिजिटल पहल और दृश्य संसाधनों के विकास के साथ-साथ एआई उपकरणों पर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने चैट जीपीटी की गहन जानकारी दी।

हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत शिक्षिका अलका देशपांडे रही उपस्थित

## गोल्डन वॉयस अवार्ड सीजन-4 के मंच से दृष्टिबाधितों ने श्रोताओं को किया भावुक, विजेताओं को मिले पुरस्कार

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** गोल्डन वॉयस अवार्ड सीजन-4 का पुरस्कार वितरण समारोह सिविक सेन्टर के प्रगति भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत शिक्षिका अलका देशपांडे उपस्थित थीं। आकाशवाणी एवं दूरदर्शन कलाकार पीटी उल्लास कुमार तथा बीएसपी ओए के अध्यक्ष नरेन्द्र बंछोर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस अवसर पर नयनदीप विद्यालय के दृष्टिबाधित बच्चों ने ऐसी प्रस्तुतियां दीं कि अतिथियों सहित श्रोताओं की भी आंखें नम हो गईं।

मुख्य अतिथि श्रीमती देशपांडे ने कहा कि अमूमन वे किसी कार्यक्रम में नहीं जातीं पर यहां आकर वे अभिभूत हो गई हैं। नयनदीप के विद्यार्थियों, उनके पालकों एवं शिक्षक को साधुवाद देते हुए उन्होंने कहा कि ये बच्चे अपनी हुनर के सहारे बहुत आगे तक जाएंगे। उन्होंने गोल्डन वॉयस अवार्ड के प्रतिभागियों को भी गीतों को कई-कई बार सुनने और रियाज़ प्रतिदिन करने की बातें कहीं। गायक पीटी उल्लास कुमार ने कलाकारों को मंच उपलब्ध कराने के लिए गोल्डन वॉयस समूह को साधुवाद देते हुए कहा कि अपनी आवाज की किसी और के साथ तुलना मत कीजिए। मुकेश, रफी, किशोर, लता, आशा, सब अपनी अपनी आवाज से शोहरत की बुलंदियों तक पहुंचे।





अपना ध्यान सुर-ताल-भाव पर रखें और प्रतिदिन रियाज से उसे पहले से बेहतर बनाएं। ओए के अध्यक्ष, सेफी चेयरमेन तथा एनसीओए के वर्किंग प्रेसीडेंट नरेन्द्र बंछोर ने कहा कि भिलाई प्रतिभाओं की खान है। यहां से प्रत्येक विधा में लोग निकलते रहे हैं जिन्होंने देश दुनिया में अपनी छाप छोड़ी है। कला एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए भी बीएसपी ने कई प्रयास किये हैं।

इस अवसर पर गोल्डन वॉयस सीजन-4 के विजेताओं की घोषणा की गई एवं उपस्थित प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। ऑनलाइन आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर से प्रतिभागी जुड़ते हैं।

### यह रहे विजेता,,,,,,

60 वर्ष से अधिक आयुवर्ग का प्रथम पुरस्कार चंडीगढ़ के डॉ राजू धीर, द्वितीय भिलाई के सुखबीर सिंह ब्रोका तथा अलका शर्मा एवं तृतीय पुरस्कार औरंगाबाद के कृष्णा फड़के को प्रदान किया गया। इसी आयु वर्ग में युगल का प्रथम पुरस्कार भिलाई की अलका शर्मा एवं विवेक अग्रवाल, द्वितीय पुरस्कार पारिजात झा एवं रजनी आर्य को मिला।

30 से 60 वर्ष आयु वर्ग का प्रथम पुरस्कार के ए अजीत, द्वितीय अक्षय फिलिप एवं तृतीय संदीप देशपांडे को मिला। इसी आयु वर्ग में युगल गायन में प्रथम पुरस्कार इंदौर निवासी नीलम मनवानी तथा द्वितीय दुर्ग के ईश्वर दयाल चन्द्राकर को दिया गया। 30 वर्ष से कम आयु वर्ग का प्रथम पुरस्कार जलगांव महाराष्ट्र की धनश्री कुलकर्णी एवं द्वितीय पुरस्कार विजय कुमार को दिया गया। इस वर्ग में युगल का पुरस्कार भी धनश्री एवं सिद्धि कुलकर्णी को मिला।

इस अवसर पर ओए के महासचिव परविन्दर सिंह एवं प्रो. देशपांडे, डॉ अलका दास, गीता श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गोल्डन वायस की संगीता मिश्रा एवं पल्लवी अग्रवाल ने किया। आभार व्यक्त गोल्डन वॉयस स्टूडियो के संस्थापक दीपक रंजन दास ने दिया। कोर कमेटी के अन्य सदस्य प्रवीन्द्र सिंह सलारिया तथा डॉ शशिभूषण साहू ने योगदान दिया।

### नयनदीप के विद्यार्थियों ने किया भावुक

रोटरी क्लब द्वारा संचालत नयनदीप स्कूल के दृष्टिबाधित विद्यार्थियों ने अपनी सुरमयी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भावुक कर दिया। इन बच्चों में अनमोल चंद्राकर, लेमन बोरकर, आयुष गुप्ता, भूमिका साहू एवं विवेक यादव शामिल थे. इन्हें लेकर उनकी संगीत शिक्षिका सुरधारा की ज्योत ध्रुव एवं रोटरी क्लब के श्री वाजवा उपस्थित हुए थे।

## सिटी इवेंट

# विद्यार्थियों को किया गया रक्तदान के लिए प्रेरित



**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय, रूआबांधा, भिलाई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एनसीसी, छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं लाइफ केयर ब्लड सेंटर रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक जैनेन्द्र दीवान उपस्थित हुए एवं उन्होंने सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप वास्तव में समाज का नायक हैं जो रक्तदान करके दूसरों को नया जीवन प्रदान करने में अहम भूमिका निभाते है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉएम. जी. रोईमोन ने कहा कि एक यूनिट रक्तदान से आप 4 लोगों का जीवन बचा सकते हैं जो अपने आप में बहुत बड़े पुण्य का काम है। महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ पी. एस. वर्गीस ने रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सभी स्वयं सेवकों एवं स्वयंसेविकाओं को अपनी शुभकामनायें दी। लाइफ केयर ब्लड सेंटर रायपुर के डॉ. अंकित सहाय ने कहा कि सेंट थॉमस महाविद्यालय, रूआबांधा, भिलाई के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन एक सुखद अनुभव रहा और भविष्य में भी नियमित अंतराल में महाविद्यालय में इस प्रकार के शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में छात्र - छात्राओं एवं कर्मचारियों द्वारा कुल 57 यूनिट रक्तदान किया गया। इस रक्तदान शिविर का सफल आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी महेंद्रइ खार के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सहसंयोजक डॉ जे. मजू, सदस्य डॉरिसीबी अब्राहम,डॉ. सुनीता क्षत्रिय, महिला एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. सुरेखा जवादे, पुरुष एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट संतोष यादव, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंय सेवक एवं अन्य छात्र उपस्थित थे।

- सेंट थॉमस महाविद्यालय भिलाई में रक्तदान शिविर का आयोजन

## समाज इवेंट

# बुजुर्गों को मिला सेक्टर-9 अस्पताल में चिकित्सा सुविधा



**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठजन दिवस के पर भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा बीएसपी के जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र में वरिष्ठजन दिवस का आयोजन किया गया। बीएसपी के मुख्य चिकित्सालय में वरिष्ठ नागरिकों की सहायता के लिए \हेल्पलाइन काउंटर/डेस्क\ बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा शुरु किया गया। कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, एस मुखोपाध्याय, अजय कुमार चक्रबर्ती, डॉ .अशोक कुमार पंडा, पवन कुमार, बी के गिरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डां. एम रविन्द्रनाथ, सीजीएम अरुण कुमा, सीएमओ डॉ. विनीता द्विवेदी, सीजीएम उत्पल दत्ता और सीएमओ सौरभ मुखर्जी व मेसर्स सुलभ इंटरनेशनल की ओर से उपाध्यक्ष सोनम मिश्रा भी कार्यक्रम में उपस्थित थीं। बुजुर्गों के लिए हेल्प डेस्क व मुस्कान के साथ सेवा शुरु की गई। जेएलएनएच एंड आरसी भिलाई स्टील प्लांट में अपनी बीमारियों के लिए परामर्श लेने के दौरान छोटी-छोटी आवश्यकताओं में कठिनाइयों का सामना करते हैं। अस्पताल में आने वाले कुल दैनिक रोगियों में से एक बड़ा प्रतिशत बुजुर्ग रोगियों का हैं। ओपीडी के साथ-साथ कैजुअल्टी विभाग में इन बुजुर्गों को निर्धारित स्थानों तक पहुँचने के लिए अस्पताल परिसर में समय पर मदद, मार्गदर्शन और सहायता की आवश्यकता होती है।

- जेएलएन अस्पताल में वरिष्ठ नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने हेल्प डेस्क शुरु
- अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठजन दिवस पर बीएसपी की नई सौगात

### व्हील चेयर व स्ट्रेचर की सुविधा भी

यह सुविधा दिल्ली स्थित मेसर्स सुलभ इंटरनेशनल स्कूल ऑफ एक्शन सोशियोलॉजी एंड सोशियोलॉजी ऑफ सेनिटेशन के सहयोग से बीएसपी के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) परियोजना के अन्तर्गत प्रदान की जायेगी। इस सुविधा के तहत बुजुर्गों की सहायता के लिए अस्पताल के ओपीडी मे सामान्य पाली एवं केजुअल्टी में तीनों पालियों में सुलभ के सहयोगी उपस्थित रहेंगे। मरीज को अस्पताल ओपीडी के विभिन्न विभागों और विभिन्न जाँच के लिए उपयोग किये जाने वाले व्हील चेयर व स्ट्रेचर आदि की सुविधा भी प्रदान करेंगे।



## नेताजी सुभाष सब्जी मार्केट लाल मैदान पावर हाऊस भिलाई

# इंद्रलोक की परियों से छावनी में होगी मुलाकात बनाई जा रही है नवरात्रि पर्व में अलौकिक झांकी

**भिलाई।** पौराणिक कथाओं और शास्त्रों के अनुसार अप्सरा को एक सुंदर, अनुपम और अनेक कलाओं में दक्ष स्वर्ग में रहनी वाली अलौकिक और तेजस्वी दिव्य स्त्री माना जाता है। हमारे देश में बेटियों, महिलाओं को देवी स्वरूप माना गया है। महिलाओं को सबल, सशक्त और समर्थ बनाने देश की सरकारें अनेक योजनाओं के साथ बेटियों को बचाने और सर्वगुण सम्पन्न बनाने सदैव प्रयत्नशील रही हैं और लोगों को इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए जागरूक भी किया जाता रहा है। इसी थीम के मद्देनजर सुभाष नवयुवक जागृति समिति सार्वजनिक दुर्गोत्सव का यह 53वां वर्ष मनाने जा रही है। आपको बता दें कि शास्त्रों के अनुसार देवराज इन्द्र के स्वर्ग में 11 अप्सराएं प्रमुख सेविका थीं। ये 11 अप्सराएं हैं- कृतस्थली, पुंजिकस्थला, मेनका, रम्भा, प्रम्लोचा, अनुम्लोचा, घृताची, वर्चा, उर्वशी, पूर्वचित्ति और तिलोत्तमा। इन सभी अप्सराओं की प्रधान अप्सरा रम्भा थीं और इन्हीं अप्सराओं-परियों की कृति से सुसज्जित इंद्रलोक की मनोरम झांकी इस वर्ष दर्शनार्थियों के आकर्षण का केंद्र बनने जा रही है।



शिल्प गांव थनौद से लाल मैदान के लिए श्रद्धापूर्वक लाई गई मां दुर्गा की मूर्ति

**ट्विनसिटी में दुर्गोत्सव की तैयारी अंतिम चरण में**

### 40 कलाकार 45 दिनों से कर रहे झांकी बनाने मेहनत

जी हां, हम बात कर रहे हैं नेताजी सुभाष सब्जी मार्केट लाल मैदान पावर हाऊस भिलाई की, जहां सार्वजनिक दुर्गोत्सव के दौरान "इंद्रलोक के परियों" की आलौकिक झांकी देखने को मिलेगी। बंगाल के 40 कलाकार पिछले 45 दिनों से दिन रात एक कर ऐसे इंद्रलोक को साकार रूप दे रहे हैं जिसके लिए हम सभी केवल शास्त्रों में पढ़ते रहे हैं। दरअसल देवी, परी, अप्सरा, यक्षिणी, इन्द्राणी और पिशाचिनी आदि कई प्रकार की स्त्रियां इंद्रलोक में हुआ करती थीं, उनमें अप्सराओं को सबसे सुंदर और जादुई शक्ति से संपन्न माना जाता है। उन्हीं अप्सराओं की आकाशीय झांकी इस बार लाल मैदान दुर्गोत्सव में देखने को मिलेगी।



### 3 को निकलेगी कलश यात्रा

3 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से कलश यात्रा के साथ साढ़े 11 बजे आचार्य बृजवासी महाराज द्वारा माताजी की स्थापना होगी। समिति के पूजा प्रभारी सुधाकर कानतोड़े और रामप्रीत जायसवाल ने जानकारी दी कि 11 को सुबह 10 बजे कन्या भोज, मध्यान्ह 3 बजे हवन, 12 को सुबह 12 बजे से महाभण्डारा प्रसाद वितरण होगा। 13 को मध्याह्न 2 बजे से विसर्जन शोभायात्रा निकलेगी। दुर्गोत्सव में प्रतिदिन प्रातः 8 बजे और शाम 7 बजे माता की महाआरती होगी जिसमें गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधिगण शामिल होंगे। समिति के कोषाध्यक्ष शिव कुमार प्रजापति ने बताया कि दुर्गोत्सव प्रांगण और लाल मैदान परिसर में पहुंचने वाले दर्शनार्थियों के लिए पार्किंग समेत बेहतर ढंग से माता के दर्शन का पूरा इंतजाम समिति द्वारा किया गया है।



### 100 से अधिक वालिंटियर्स रहेंगे मौजूद

समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता और महामंत्री विजय सिंह ने बताया कि 120 फुट लंबे और 70 फुट ऊंचे भव्य पंडाल में इंद्रलोक का निर्माण किया जा रहा है। यह पंडाल पूर्णतः वाताकुलित होगा जिसमें प्रवेश करते ही इंद्रलोक और उसमें भ्रमण करतीं अप्सराएं और अन्य प्राणी दिखाई पड़ेंगे। दुर्गोत्सव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लाखों दर्शनार्थी बेहतर ढंग से माता के दर्शन कर इंद्रलोक भ्रमण कर सकें इस के लिए परिसर में दिन रात 100 से अधिक वालिंटियर्स मौजूद रहेंगे। समिति के उपाध्यक्ष गोविंद सिंह राजपूत व मंत्री अनिरुद्ध गुप्ता ने बताया कि बंगाल के 40 कारीगर बांस बल्ली थर्मोकोल और फोम से इंद्रलोक तैयार कर रहे हैं। झांकी और पूजा पंडाल में पर्याप्त अग्निशमन यंत्र और चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। हर दिन हलवा प्रसाद और भोग वितरण के आलावा दर्शनार्थी इंद्रलोक जैसे खुशनुमा वातावरण में माता अंबे के दर्शन और पूजा अर्चना का यहां लाभ ले सकेंगे। संगठन मंत्री चिन्ना राव और अरविंद कानतोड़े ने बताया कि ग्राम थनौद के मूर्तिकार मिलन चक्रधारी द्वारा 13 फुट ऊंची भव्य प्रतिमा का निर्माण किया गया है।

### नेत्रदान के लिए चलेगा जागरूकता अभियान

परिसर में प्रतिदिन निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जा रहा है। आने वाले नौनिहाल बच्चों और माताओं बहनों के लिए परिसर 45 स्टाल से सुसज्जित होगा। नेत्र दान की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए नेत्र दान जागरूकता अभियान भी संचालित किया जाएगा। दर्शनार्थियों के सुरक्षार्थ परिसर में वालिंटियर और सुरक्षा गार्ड तैनात रहेंगे। उपाध्यक्ष फत्तेलाल जंघेल और पवन सिंह ने जानकारी दी कि भक्तों द्वारा इस वर्ष पूजा पंडाल में 80 अखंड ज्योत प्रज्वलित की जा रही है। नौ दिनों में प्रतिदिन एक दिव्यांग भक्त को ट्रायसिकल वितरण भी किया जाएगा।

# अग्रसेन जयंती की धूमः अग्रवास समाज के लोगों ने लिया बढ़चढ़कर हिस्सा

## अग्रसेन प्रीमियर लीगः जूनियर वर्ग से आरूल और सीनियर वर्ग में यश की टीम विजेता बनी

**भिलाई।** अग्रवाल सेवा समिति, महिला समिति और युवा मंच द्वारा अग्रसेन जयंती के अवसर पर 26 सितंबर से 3 अक्टूबर तक प्रतिदिन अनेक कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। इसी के तहत अग्रसेन प्रीमियर लीग का शानदार 6वां वर्ष रहा। इसमें जूनियर टीम में टीम आरूल विजेता बनी। रनरअप टीम वासु रही। वहीं महिला क्रिकेट में टीम स्नेहा विजेता, टीम मीनू रनर अप, सीनियर वर्ग की स्पर्धा में टीम यश विजेता, टीम विकास रनर अप रही। मैन ऑफ द मैच व सीरिज रितेश अग्रवाल रहे। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बड़े उत्साह से खेलों का आनंद लिया और आयोजन की सराहना की। खास यह रहा कि विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी के तौर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे दिए गए। साथ ही हर खिलाड़ी को पौधे लगाकर उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सौंपी गई।



### आज निःशुल्क शिविर

2 अक्टूबर को सुबह 11 से 5 बजे तक निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर लगेगा, जिसमें बलजीत संधु सेवा देंगे। शाम को आनंद मेला और बच्चों द्वारा राजस्थानी थीम पर प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पवन गोयल और डॉ. संजय गोयल रहेंगे। 3 अक्टूबर को सुबह 10 बजे अग्रसेन भवन में अग्रसेन सेवा केंद्र की शुरुआत की जाएगी, जिसमें गरीब परिवारों के लिए कपड़े, खिलौने और जरूरत के सामान भी रखे जाएंगे।

### निकलेगी शोभायात्रा

3 अक्टूबर दोपहर 3 बजे भगवान अग्रसेन की शोभायात्रा खुर्सीपार भ्रमण के लिए निकलेगी। इसमें समाज के सभी वर्ग के सदस्यों सहित अन्य समाज के लोग भी शामिल होंगे। मुख्य अतिथि आईजी रामगोपाल गर्ग होंगे। इस दौरान प्री वेडिंग शूट, बेबी शॉवर, लिव इन रिलेशनशिप जैसी कुरीतियों को समाप्त करने का संदेश देती प्रस्तुति भी होगी। आयोजन में संतोष अग्रवाल, रतनलाल अग्रवाल, घनश्याम दास, अशोक, महेश, महादेव, बंसल, रामनाथ अग्रवाल, शिरीष अग्रवाल, प्रेम, तोता राम, संगीता अग्रवाल, प्रेमा गर्ग, उषा अग्रवाल, सारदा, अंजू मनीषा, समीर, भावेश आदि उपस्थित रहे।

## बच्चों ने फैशन के रंग में दिखाया अपना हुनर भजन गाकर वातावरण को किया भक्तिमय

**दुर्ग।** अग्रवाल समाज के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल एवं महासचिव ललित सकसेरिया ने बताया की जयंती समारोह में पिछले एक सप्ताह से लगातार प्रतियोगिता का दौर प्रारंभ है। समाज के सभी वर्ग इसका पूरा आनंद उठा रहे हैं। अग्रसेन भवन में मेले की तरह दिनभर रौनक रहती है। भवन में स्वल्पाहार की व्यवस्था का भी प्रतियोगी आनंद उठा रहे हैं। समाज में उल्लास में वातावरण है। समाज के 15 वर्ष से ऊपर युवकों के लिए क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें सभी के त्वरित उत्तर देने की कला से सभी दंग रह गए। देश प्रेम की भावना को जागृत करने के उद्देश्य भारत देश पहचानों की प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। 12 वर्ष तक के बच्चों के लिए फैशन के रंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें बच्चों के स्टाइलिश एवं पारंपरिक ड्रेस ने सभी का मन मोह लिया। 50 वर्ष से ऊपर की महिलाओं के लिए सरप्राइज गेम का आयोजन रोचक था। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए मिनिएचर गार्डन प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। भजन गान प्रतियोगिता के दौरान भवन में भक्ति मय वातावरण हो गया। बच्चों में अपनी संस्कृति की मारवाड़ी भाषा का ज्ञान हो इसके लिए मारवाड़ी स्पीच प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसे सभी बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। डांस एवं ड्रामा के माध्यम से इंटरटेनमेंट प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी। कराओके सिंगिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने एक से बढ़कर एक नए एवं पुराने गीत प्रस्तुत किया। आयोजित भव्य शोभायात्रा में समाज के सभी सदस्यों से शामिल होने की अपील अध्यक्ष द्वारा की गई है। इसके पूर्व सुबह गौ गोविंद सेवा का आयोजन जेल स्थित गौशाला में किया गया।





## एसआरयू में दो दिवसीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# युवतियों और मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग, फिटनेस, योग मानसिक स्वास्थ्य और अध्यात्म की भी दी जानकारी

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** मार्शल आर्ट की बढ़ती लोकप्रियता, परंपरा, फिटनेस, अनुशासन, लड़कियों और महिलाओं में बढ़ती जा रही है। इसे लेकर लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। एसआरयू में दो दिवसीय मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें दुर्ग जिले के कराते प्रशिक्षक हरीश साहू भी प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्होंने महिलाओं को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया। छात्राओं के लिए आयोजित दो दिवसीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन निर्भया आत्मरक्षा मार्शल आर्ट एवं कराटे प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग द्वारा किया गया। मास्टर ट्रेनर हरीश साहू थे। उनके अलावा रायपुर के मास्टर ट्रेनर मृत्युंजय साहू और उनकी टीम संगम वर्मा, प्रियल साहू, धारणी साहू ने भी सहभागिया निभाई। इस अवसर प 100 से अधिक छात्राओं ने इस आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया।



### वर्तमान समय में आत्मरक्षा सबसे ज्यादा जरूरी

उद्घाटन सत्र में रावतपुरा विश्वविद्यालय के कुलपति एसके सिंह और कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा शामिल हुए। कला संकाय के डीन मनीष कुमार पांडे के अलावा सभी संकाय के सदस्य और छात्राएं उपस्थित थी। कुलपति ने वर्तमान समाज में लड़कियों और महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने में आत्मरक्षा तकनीकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने विश्वविद्यालय में इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए अपनी गहरी प्रशंसा व्यक्त की। इस प्रयास की तुलना महिला सशक्तिकरण से की। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ने आत्मरक्षा कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर जोर दिया। इस बात पर ध्यान केंद्रित किया कि यह कार्यक्रम शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक विकास की दिशा में छात्राओं की क्षमता को कैसे बढ़ाएगा।

### छात्राओं के अलावा प्राध्यापकों ने भी ली ट्रेनिंग

कला संकाय के डीन ने इस अवसर पर शारीरिक हमलों का मुकाबला करने में छात्राओं के आत्मविश्वास के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि कैसे मार्शल आर्ट तकनीक छात्राओं को उनकी सुरक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करेगी। इस अवसर पर छात्राओं के अलावा प्राध्यापकों ने भी प्रशिक्षण लिया। कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग की डॉ. अर्चना आर तुपट, डॉ. अंजली यादव, डॉ. चित्रा पांडेय, सम्प्रीति भट्टाचार्य, डॉ. सुजाता घोष, साधना देवांगन, डॉ. पुष्पा भारती, डॉ. नरेश गौतम, डॉ. पायल, डॉ. सुनीता सोनवानी, शिशिर छत्तर, डॉ. अम्बुज शुक्ला, डॉ. मालती बाग आदि उपस्थित थे। मास्टर ट्रेनर हरीश साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### टेटे में अर्जुन-समाया तथा दीक्षांत-आहना बने विजेता




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक के सहयोग से सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024 का आयोजन दिनांक 27 से 29 सितंबर तक किया गया। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्य अतिथि मास्टर्स नेशनल टेबल टेनिस खिलाड़ी वृंदा तांबे थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटक महिंद्रा बैंक, पचपेढ़ी, रायपुर के शाखा प्रबंधक नितिन सेन ने की। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव सार्थक शुक्ल, आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े एवं मुख्य निर्णायक पी.एन. मजूमदार थे।

द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता के खेले गये यूथ अंडर-17 ( जुनियर) तथा यूथ अंडर-15 (सब जुनियर) बालक एवं बालिका एकल वर्ग के फायनल मैच में यूथ अंडर-17 (जुनियर) बालक वर्ग:- विजेता-अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर),उपविजेता- सिद्धा धुपर (रायपुर) 3-0 यूथ अंडर- 17 (जूनियर) बालिका वर्ग-विजेता - समाया पांडे (रायपुर), उपविजेता-आरना खोटेले (रायपुर) 3 - 0 यूथ अंडर-15 (सब जुनियर) बालक वर्ग:-विजेता- दीक्षांत जांगड़े (बिलासपुर), उपविजेता- श्रेष्ठ मिश्रा (रायपुर) 3 - 0 यूथ अंडर-15 (सब जुनियर) बालिका वर्ग:- विजेता-आहना सिंह (रायपुर),उपविजेता- तिशा हरदेल (रायपुर) 3- 0 प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक पी.एन. मजूमदार तथा सहायक मुख्य निर्णायक प्रवीण निरापुरे एवं भूपेंद्र सिंह राजवंशी थे। उपरोक्त जानकारी आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

### विवेक की कप्तानी में छत्तीसगढ़ टीम वीनू मांकड़ ट्रॉफी में पेश करेगी चुनौती

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा वीनू मांकड़ ट्रॉफी के लिए राज्य टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम आगामी 4 अक्टूबर से अभियान की शुरुआत मध्य प्रदेश के विरुद्ध करेगी। 16 सदस्यो वाली टीम की कमान बिलासपुर से खेलने वाले विकेट कीपर बल्लेबाज़ विवेक यादव के जिम्मे हैं। सारे मुकाबले हैदराबाद के मैदान में खेले जायेंगे। टीम में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन से आलोक गुप्ता, गर्व कुमार सिंह विकेट कीपर, कुमार ईशान, साहिल रजत शरीफ, बिलासपुर से अंकित कुमार, धनंजय नायक, ओम वैष्णव, भूपेंद्र कुमार यादव, रायपुर से दक्ष कुमार पारख, कृष्णा टांक, मोहम्मद फैज खान, बीएसपी से प्रथम जाचक, बस्तर से रुद्र प्रताप सिंह, दुर्ग से शिवम यादव, बिलासपुर से उपेंद्र कुमार यादव, राजनांदगांव से विकल्प तिवारी शामिल हैं। हैदराबाद में 4 अक्टूबर को छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश, 6 अक्टूबर को छत्तीसगढ़- उत्तराखंड, 8 अक्टूबर को छत्तीसगढ़-केरला, 10 अक्टूबर को छत्तीसगढ़-बिहार और 12 अक्टूबर को छत्तीसगढ़-सिक्किम का मैच होगा।



### नेशनल लैक्रोस टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ को मिला सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल



**रायपुर।** लैक्रोस एसोसिएशन ऑफ़ छत्तीसगढ़ की टीम ने 27 से 29 सितम्बर तक आगरा में आयोजित नेशनल टूर्नामेंट में शामिल हुई। स्पर्धा में राज्य की टीम ने क्रमश जूनियर बॉयज में सिल्वर और सीनियर गर्ल्स टीम ब्रोंज मेडल जीते। टीम के कोच अजय शर्मा, राजनारायण प्रधान, विवेकानंद यादव, विनोद गुप्ता. गर्ल्स टीम के कोच मेनका यादव, टेक्निकल डायरेक्टर अभिनव सत्पथी थे। टीम को राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, संरक्षक सुरेंद्र जेना, सेक्रेटरी देववतार चौधरी ने बधाई है। उल्लेखनीय है कि लैक्रोस मूलतः उत्तरी अमेरिकी खेल बैगेटवे का आधुनिक संस्करण है।

### पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्ट्रांग मैन बने राहुल





**रायपुर।** चिरमिरी मे आयोजित 2 दिवसीय पॉवर लि फ्टं ग प्रतियोगिता में बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर, धमतरी, बालोद, भिलाई, कवर्धा, चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़, कोरबा, रायगढ़, सक्ति, चापा, अंबिकापुर से गलभग 200 से अधिक खिलाड़ी शामिल हुए। राहुल सारथी ने सीनियर वर्ग समूह 85 किलो वजन वर्ग मे स्कॉट 235, बेंच 145, डेडलिफ्ट 265 किलो टोटल 645 किलो वजन उठाते हुए छत्तीसगढ़ स्ट्रांग मैन बेस्ट प्लेयर का अवार्ड जीता। राहुल ने अपन केटेगरी मे गोल्ड मैडल भी जीता। राहुल सारथी ने अब तक पुरे छत्तीसगढ़ मे 17 वी बार छत्तीसगढ़ी स्ट्रांग मैन बनने का भी रिकार्ड अपने नाम किया है। इस जीत पर कोच शाहनवाज, लखपती सेंदुर, प्रदीप छत्रिय, आदि ने बधाई और शुभकामनाये दी है।

### विशेषज्ञों ने बताया किस उम्र में कितना होना चाहिए स्क्रीनटाइम, भूलकर भी न करें ये गलती

# सभी उम्र के लोगों के लिए चुनौती बन गया स्क्रीन टाइम, घातक हो रहा शौक

मोबाइल-कंप्यूटर हो या टीवी हम सभी पूरे दिन किसी न किसी तरह के स्क्रीन से घिरे ही रहते हैं। हालांकि ये आदत स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौतियां खड़ी कर रही है। अध्ययनों में बढ़ते स्क्रीनटाइम को शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की सेहत के लिए खतरनाक माना जाता है। बच्चों से लेकर वयस्कों तक सभी उम्र के लोगों के लिए इसके दुष्प्रभाव देखे जाते रहे हैं। स्क्रीन टाइम उस समयावधि को कहा जाता है जितना वक्त हमारा किसी भी तरह की स्क्रीन के सामने बीतता है। स्क्रीन से ब्लू लाइट निकलती है जो आंखों से लेकर संपूर्ण स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती है। आज के डिजिटल युग में मोबाइल-कंप्यूटर से हम सभी घिरे हुए हैं। सेहत पर कम उम्र से ही इसका काफी असर पड़ सकता है, आंखों की बढ़ती समस्याओं के लिए इसे प्रमुख कारक के रूप में जाना जाता है। रोशनी कम होने के साथ-साथ संज्ञानात्मक कौशल में कमी, मोटापा के लिए भी बढ़े हुए स्क्रीन टाइम को खतरा माना जा रहा है। चूंकि आज के समय में मोबाइल-कंप्यूटर से दूरी बना पाना हमारे लिए कठिन है ऐसे में सवाल उठता है कि किस उम्र में स्क्रीन टाइम कितना होना चाहिए?





### स्क्रीन टाइम बढ़ने के कई सारे नुकसान

उम्र के हिसाब से कितना स्क्रीन टाइम ठीक माना जा सकता है, इसे जानने से पहले ये जानना जरूरी है कि बढ़े हुए स्क्रीन टाइम का सेहत पर किस तरह से असर होता है?

अध्ययनों से पता चता है कि स्क्रीन टाइम बढ़ना बच्चों और वयस्कों सभी के लिए कई कारणों से हानिकारक है। मानसिक स्वास्थ्य पर इसका सबसे ज्यादा असर देखा जाता रहा है। स्क्रीन टाइम बढ़ने के कारण अवसाद, चिंता जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम रहता है। ये नींद को भी प्रभावित करने वाली समस्या मानी जाती है, जिसका शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत पर नकारात्मक असर होता है। स्क्रीन टाइम बढ़ने से शारीरिक सक्रियत कम होने लगती है जिससे वजन बढ़ने और मोटापा का जोखिम रहता है जिसे कई गंभीर क्रोनिक बीमारियों जैसे हृदय रोग, डायबिटीज का प्रमुख कारक माना जाता है।



### स्क्रीन टाइम को लेकर क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

स्क्रीन टाइम को लेकर बढ़ती चिंताओं के जवाब में स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, माता-पिता और शिक्षक, बच्चों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग को प्रबंधित करने में मदद कर सकते हैं। ये बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि स्क्रीन टाइम के जिस तरह के दुष्प्रभाव हैं उससे कम उम्र में ही कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम हो सकता है।

एक रिपोर्ट के अनुसार ब्राजीलियन सोसाइटी ऑफ पीडियाट्रिक्स के विशेषज्ञों ने कहा, दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी प्रकार के स्क्रीन से बिल्कुल दूर रखा जाना चाहिए। कम उम्र में मोबाइल या अन्य स्क्रीन्स के संपर्क के कारण बच्चों का मानसिक विकास प्रभावित हो सकता है। दो साल से कम उम्र के बच्चों की मोबाइल पर लत बिल्कुल भी नहीं लगानी चाहिए।

## पितृपक्ष में क्यों नहीं खरीदना चाहिए नया सामान? क्या कहते हैं शास्त्र



इस समय पितृपक्ष चल रहा हैं। हिंदू धर्म में पितृपक्ष को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। पंचांग के अनुसार इसकी शुरुआत भाद्रपद मास की पूर्णिमा तिथि से होती है। वहीं इसका समापन अश्विन मास की अमावस्या पर होता है। पितृपक्ष के दौरान पितरों की आत्मा की शांति के लिए उनके वंशज श्राद्ध कर्म, पिंडदान और तर्पण करते हैं। मान्यता है कि पितृपक्ष में श्राद्ध कर्म से पितृ प्रसन्न होते हैं और अपने परिवार के लोगों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। पितृपक्ष पूरी तरह से पूर्वजों को समर्पित है। ऐसे में कहा जाता है कि इस दौरान नई खरीदारी नहीं करनी चाहिए। ऐसा करने से पूर्वज नाराज हो जाते हैं।

### पितृपक्ष में खरीदारी क्यों है वर्जित ?

पितृपक्ष के दौरान मृत पूर्वजों की आत्माएं मृत्युलोक में भटकती रहती हैं। इसलिए उनकी आत्मा की शांति के लिए पिंडदान, दान और तर्पण करना चाहिए। लेकिन इस दौरान नई चीजें नहीं खरीदनी चाहिए। मान्यता है कि इस समय कुछ भी नया खरीदने से परिवार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए पितृपक्ष के दौरान नई चीजें खरीदना शुभ नहीं माना जाता है।

### क्या है मान्यता?

पितृपक्ष पूरी तरह से पितरों को समर्पित होता है। ऐसे में इस दौरान व्यक्ति का पूरा ध्यान पितरों के श्राद्ध कर्म और पिंडदान की तरफ होना चाहिए। मान्यता है कि इस समय नई चीजें खरीदने से हमारा ध्यान भटक सकता है, जिससे पितरों की आत्मा को कष्ट पहुंच सकता है और वे नाराज भी हो सकते हैं। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि पितृपक्ष के दौरान खरीदी गई वस्तुएं पितरों को समर्पित होती हैं। ऐसे में जीवित लोगों का उन वस्तुओं का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इससे उन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए इस दौरान नई वस्तुओं की खरीदारी और उनका उपयोग सही नहीं माना जाता है।

### क्या ना खरीदें?

पितृपक्ष के दौरान सोना या चांदी के आभूषण नहीं खरीदने चाहिए। इसके अलावा इस दौरान शादी या अन्य शुभ काम के लिए खरीदारी भी शुभ नहीं मानी जाती है। इसके अलावा इस दौरान कोई भी शुभ कार्य भी नहीं करना चाहिए।

## नवरात्रि में घर पर कम समय में तैयार करें फलाहारी थाली



हर साल की तरह इस साल भी शारदीय नवरात्रि की शुरूआत होने वाली है, जिसकी तैयारी लोगों ने शुरू कर दी है। उदया तिथि के आधार पर इस साल शारदीय नवरात्रि 15 अक्तूबर 2023 से शुरू होगी वहीं इसका समापन 23 अक्तूबर को होगा और 24 अक्तूबर को दशमी तिथि पर विजयादशमी मनाई जाएगी।

मान्यता है कि इन दिनों में माता रानी की पूजा करने से सभी मनोकामना पूरी होती हैं। ऐसे में नवरात्रि के इन नौ दिनों में लोग सच्चे मन से मां दुर्गा के लिए व्रत उपवास रखते हैं। इस दौरान घरों में लोग तरह-तरह के फलाहारी पकवान बनाकर माता रानी को उनका भोग लगाते हैं।

इन पकवानों में कुट्टू के आटे की पूरी, पकौड़ी, सीताफल के पकौड़े, आलू टिक्की समते कई डिश शामिल हैं। बहुत से लोगों को ये समझ ही नहीं आता कि 9 दिनों के व्रत में वो हर रोज क्या खास बनाएं। ऐसे में आज के लेख में हम आपको कुछ ऐसे पकवानों के बारे में बता रहे हैं, जिसे आप व्रत में बनाकर फलाहारी थाली तैयार कर सकते हैं।

### साबुदाना खिचड़ी

साबुदाना की खिचड़ी एक पॉपुलर फलाहारी पकवान है। इसे बनाने में साबुदाना और आलू उपयोग किया जाता है और यह उपवास के दौरान आमतौर पर खाया जाता है। इसे बनाना भी काफी आसान होता है।

### सिंघाड़े के पराठे

सिंघाड़े का आटा फलाहारी होता है। ऐसे में आप इसका उपयोग पराठें और पूरी बनाने में कर सकते हैं। ये खाने में काफी स्वादिष्ट लगते हैं।

### कटहल की सब्जी

कटहल की सब्जी भी फलाहारी थाली में शामिल की जा सकती है। कटहल को मसालों के साथ पकाकर बनाया जा सकता है। ये सब्जी खाने में काफी स्वादिष्ट लगती है।

### रायता

अपनी फलाहारी थाली के स्वाद को कई गुना बढ़ाने के लिए आप रायता बना सकते हैं। चाहे आप आलू का रायता बनाएं या फिर फलों का, ये दोनों ही खाने में कमाल के लगते हैं।



## पेट फूलने की दिक्कत से राहत पाने करें ऐसे उपाय

पेट फूलना बहुत आम सी समस्या है, हम सभी ने कभी न कभी इससे संबंधित दिक्कतों का सामना जरूर किया होगा। पर क्या आप जानते हैं कि पेट फूलने की दिक्कत क्यों होती है? पेट फूलने की समस्या का मतलब पेट में गैस बनने के कारण इसका कड़ा महसूस होना होता है। ये समस्या कई कारणों से हो सकती है और किसी भी उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर सकती है। पेट फूलने की समस्या में कुछ प्रकार के घरेलू उपायों और सामान्य दवाओं के सेवन से लाभ मिल सकता है।

हालांकि अगर अक्सर आपको ये दिक्कत हो रही है तो फिर इससे सावधान हो जाना और डॉक्टर से मिलकर इसके कारणों का सही निदान करना आवश्यक हो जाता है। आइए जानते हैं इसके क्या कारण हो सकते हैं और इस समस्या में किन उपायों से आपको लाभ मिल सकता है?

### पेट फूलने की दिक्कत क्यों होती है?

पेट फूलने का एक सामान्य कारण कब्ज की दिक्कत होना है। आपको कब्ज़ होने पर मल त्याग करने में कठिनाई हो सकती है, जिसके कारण पेट फूलने की दिक्कत होना काफी सामान्य है। इसके अलावा ज्यादा तला भुने चीजों का सेवन, पाचन विकार और कुछ प्रकार की अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्याओं के कारण भी आपको ये दिक्कत हो सकती है। अधिक तनाव लेना भी आपमें इस समस्या के लिए एक जोखिम कारक हो सकता है।



### वॉक और योग का करें अभ्यास

शारीरिक गतिविधि संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने में आपके लिए मददगार है, इससे पाचन स्वास्थ्य में भी लाभ मिलता है और पेट फूलने जैसी दिक्कतों को भी कम किया जा सकता है। वॉक और योग जैसे अभ्यास की आदत बनाने से पेट से अतिरिक्त गैस को बाहर निकालने और मल त्याग को आसान बनाया जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति को कब्ज़ या पेट में सूजन महसूस हो रही हो वॉक करने से इसमें आराम मिल सकता है।

### फाइबर की मात्रा बढ़ाएं

फाइबर को पाचन स्वास्थ्य के लिए आवश्यक माना जाता है, ये कब्ज और सूजन को कम करने में मदद करती है। हालांकि, यहां ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि बहुत अधिक फाइबर वाली चीजों से भी गैस और सूजन हो सकती है, इसलिए फाइबर का संतुलित मात्रा में सेवन सुनिश्चित करें। आहार में कुछ प्रकार के फलों-सब्जियों को शामिल करके आसानी से शरीर के लिए आवश्यक फाइबर की पूर्ति की जा सकती है।

### सोडियम का कम करें सेवन

सोडियम के अधिक सेवन को हाई ब्लड प्रेशर का कारक माना जाता है, पर क्या आप जानते हैं कि शरीर में इसकी अधिकता के कारण भी आपको पेट से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।



कार्नर न्यूज

### शरीर में लचीलापन और शक्ति के साथ बढ़ाइए आत्मविश्वास

# मानसिक स्वास्थ्य के लिए हर उम्र के लोग कर सकते हैं योगासनों का नियमित अभ्यास

शारीरिक शक्ति को बढ़ाने के लिए योग का अभ्यास लाभकारी होता है। योग के नियमित अभ्यास से शरीर और मस्तिष्क दोनों की सेहत को फायदा होता है। योग करने से शरीर में लचीलापन और शक्ति तो बढ़ती ही है, साथ ही ध्यान और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। ऐसे में योग विशेषज्ञ नियमित योगासन के अभ्यास को फायदेमंद मानते हैं।

### उत्तानासन योग

मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए और मानसिक सेहत से जुड़ी समस्याओं से राहत पाने के लिए उत्तानासन योग का नियमित अभ्यास करना चाहिए। उत्तानासन योग एक इंटेंस फॉरवर्ड स्ट्रेच पोज है, जो पूरी पीठ की मांसपेशियों पर काम करता है। इस योग से शरीर में ताकत और लचीलेपन आता है, साथ ही मस्तिष्क में ऑक्सीजन युक्त रक्त प्रवाह में सुधार होता है। तनाव और चिंता को कम करके मन को शांत रखने के लिए उत्तानासन योग का अभ्यास कर सकते हैं।




### कोबरा पोज

भुजंगासन को कोबरा पोज करते हैं। इस आसन को पीठ की समस्याओं के लिए फायदेमंद माना जाता है लेकिन इसका अभ्यास मस्तिष्क को सेहतमंद बनाए रखने में भी मददगार है। मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और शरीर को आराम देने के लिए यह योगासन उत्कृष्ट हो सकता है। शरीर में रक्त प्रवाह बढ़ाने और मस्तिष्क की कार्यक्षमता में सुधार के लिए भुजंगासन का नियमित अभ्यास करें।

### प्राणायाम का अभ्यास


मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए प्राणायाम का अभ्यास विशेष लाभदायक है। प्राणायाम करने से मस्तिष्क में ऑक्सीजन के संचार को बढ़ावा मिलता है और मांसपेशियों को आराम मिलता है। मूड में सुधार के साथ एकाग्रता को बढ़ाने के लिए नियमित प्राणायाम करने की सलाह दी जाती है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एक्शन और रहस्य भरी है 'बैलेरीना' की कहानी, जारी हो गया ट्रेलर



जॉन विक की दुनिया के बारे में जानने की इच्छा रखने वाले दर्शकों के लिए एक खुशखबरी है। 'फ्रॉम द वर्ल्ड ऑफ जॉन विकः बैलेरीना' का पहला ट्रेलर सामने आ गया है। फिल्म में अभिनेत्री एना डी आर्मस मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही कीनू रीव्स 'जॉन विक' की भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म अगले साल 2025 में 6 जून को रिलीज होगी। ट्रेलर लांच के साथ ही मेकर्स ने बताया है कि 'जॉन विक अध्याय 3' पैराबेलम बैलेरीना की घटना ईव मैकारो को ही अपना आदर्श मानती है, जो रुस्का रोमा में अपना प्रशिक्षण शुरू कर रही है।

ट्रेलर की बात करें तो अभिनेत्री एना डी आर्मस एक उभरता हुआ, छायादार, रहस्यमय लेकिन शक्तिशाली महिला किरदार हैं, जो न केवल बंदूक चलाना जानती हैं बल्कि सच की लड़ाई के लिए हर मुमकिन तरीके से लड़ना जानती हैं। इस ट्रेलर में जॉन विक ने ही एक नायक के तौर पर अभिनेत्री एना डी आर्मस को बंदूक चलाना, लड़ाई और कुश्ती करना सिखाया है। वह फिल्म में एक ऐसे नायक की भूमिका निभा रहे हैं, जो नायिका को लड़ना, दुख मनाना, बदला लेना और अपना पक्ष रखने के लिए लड़ना सिखाता है। ट्रेलर की शुरुआत में दिखाया जाता है एक लड़की बेंच पर डांसिंग डॉल लेकर बैठी है। उसके चेहरे पर खून के दाग हैं। उसके पास एक व्यक्ति आता है और कहता है कि क्या तुम्हें डांस पसंद है। मैं एक स्कूल जानता हूं जहां डांस सिखाया जाता है। इसके बाद वो लड़की उस पुरुष के साथ चली जाती है। इस सीख के बाद एना डी आर्मस (नायिका) खूनी खेल में शामिल होती हैं। यहां एना एक्शन, बंदूक चलाने, मार पीट करती नजर आ रही हैं।

### टॉलीवुड

## महेश बाबू को लेकर कार्ति ने किया दिलचस्प खुलासा, आप भी जानकर रह जाएंगे हैरान



तमिल अभिनेता कार्ति अपनी फिल्म मेयाझगन को मिल रहे प्यार से रोमांचित हैं। इस फिल्म को तेलुगु भाषा में सत्यम सुंदरम के नाम से डब किया गया है। इस इस फिल्म का तेलुगु संस्करण पिछले शनिवार को रिलीज किया गया था। दर्शकों के अपार समर्थन पर आभार व्यक्त करने के लिए कार्ति ने बीते दिन यानी सोमवार को विजयवाड़ा में एक प्रेस वार्ता आयोजित की। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान फिल्म को सुपरहिट बनाने के लिए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

जब उनसे सुपरस्टार महेश बाबू के साथ काम करने की संभावना के बारे में पूछा गया, तो कार्ति ने जवाब दिया कि अगर सही कहानी और अवसर मिले तो वह उनके साथ काम करना पसंद करेंगे। इस बातचीत के दौरान उन्होंने एक दिलचस्प खुलासा भी किया, जिसने सभी को हैरान कर दिया। कार्ति ने कहा कि वह और महेश बाबू चेन्नई में अपने स्कूल के दिनों में सहपाठी थे। बता दें कि हाल ही में कार्ति एक बयान की वजह से सुर्खियों में आ गए थे। तिरुपति लड्डू विवाद पर जब उनसे प्रतिक्रिया देने के लिए कहा गया था, तब उन्होंने कोई भी बयान देने से इनकार कर दिया था। हालांकि, इस दौरान वह हंस पड़े थे। यह बात आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और अभिनेता पवन कल्याण को पसंद नहीं आई थी और उन्होंने उन्हें बड़ी नसीहत दे डाली थी। बाद में कार्ति ने इस पर माफी भी मांग ली थी। महेश बाबू की बात करें तो वह वर्तमान में अपनी आगामी फिल्म एसएसएमबी 29 की तैयारी कर रहे हैं, जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। एसएस राजामौली के निर्देशन यह फिल्म बड़े पैमाने पर बनने वाली है। फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।

### भोजपुरी

## चंदा मामा'चमकेंगे 4 को, नये अंदाज़ में दिखेंगे सितारे




एन. माही फ़िल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले बनी छत्तीसगढ़ी फ़िल्म 'चंदा मामा' 4 अक्टूबर को सिंगल स्क्रीन एवं मल्टीप्लेक्स में प्रदर्शित होने जा रही है। 'चंदा मामा' में मामा व भांजे के भावनात्मक लगाव की कहानी दिखाई गई है। मामा बने हैं एक्शन स्टार दिलेश साहू एवं भांजे के रोल में दिखेंगे बाल कलाकार अंश। प्रोड्यूसर मोहित साहू कहते हैं- "हमारा प्रोडक्शन हाउस एक के बाद एक नया सब्जेक्ट सामने ला रहा है। 'चंदा मामा' जैसी कहानी अब तक छत्तीसगढ़ी सिनेमा में देखने में नहीं आई है।" डायरेक्शन के क्षेत्र में मशीनी डायरेक्टर कहलाने वाले अभिषेक सिंह ने 'चंदा मामा' को निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि अभिषेक पिछले क़रीब दस वर्षों से छत्तीसगढ़ी सिनेमा का ख़ास हिस्सा हैं और 'चंदा मामा' जैसा पारिवारिक एक्शन ड्रामा उनके करियर में अपनी तरह का अलग अनुभव देने वाला रहा है। हीरो दिलेश साहू के साथ पर्दे पर नज़र आएंगी दिया वर्मा। अन्य प्रमुख कलाकार जीत शर्मा, अंजलि ठाकुर, अनिरुद्ध ताम्रकार, धर्मेन्द्र चौबे, संजू साहू, उषा विश्वकर्मा, शमशीर शिवानी, बाबा ठाकुर, जागेश्वरी मेश्राम, आनंद साहू, जयराम भगवानी, नेहा शर्मा, एवं घनश्याम वर्मा हैं।




फैशनेबल अदाएं

"फैशनेबल" क्या है, यह तय करना कई बार मुश्किल होता है। आज के दौर में इसके लिए आप अनगिनत वेबसाइट ब्राउज़ कर सकते हैं, स्टाइलिस्ट और इमेज मेकर से सलाह पढ़ सकते हैं कि अब क्या "फैशनेबल" और "पहनना" है। ऐसे में यूरोपियन फैशन पर सबकी नजर रहती है। लंदन फैशन वीक ऐसे सवालों का जवाब देने के लिए मौजूद रहता है।

## फेस ग्लो के लिए करें कंसा वैंड टूल का इस्तेमाल



चेहरे पर ग्लो लाने के लिए फेशियल टूल्स भी फायदेमंद होते हैं, जैसे गुआ शा और रोलर। इन दिनों फेस ग्लो के लिए कंसा वैंड का इस्तेमाल बढ़ रहा है। कंसा वैंड एक डोम शेप टूल है, जो लकड़ी की छड़ी से बनाया जाता है। इसे बनाने के लिए कंसा मेटल का इस्तेमाल किया जाता है। इस टूल की मदद से आप चेहरे को मसाज कर सकते हैं। कंसा वैंड की मदद से कफा, पित्त और वात दोष को संतुलित किया जा सकता है।

ग्लोइंग फेस के लिए कंसा वैंड से आंखों के आसपास 8 बार गोलाई में मसाज करें। अब जॉ लाइन और गाल के नीचे बाहर की तरफ से मसाज करें। कान के नीचे कंसा वैंड को कुछ सेंकड के लिए सर्कुलर मोशन में घुमाएं और फिर नीचे की तरफ ले जाएं। इस ही तरह माथे पर भी कंसा वैंड से मसाज करें। आखिर में माथे के बीच में मसाज करते रहें। कंसा वैंड से इस तरह मसाज करने से आपके चेहरे पर ग्लो आ जाएगा। इस वैंड से चेहरे को मसाज देने से सर्कुलेशन बढ़ता है, जिससे ब्लड में ऑक्सीजन पंप होता है। इससे त्वचा में ग्लो आता है और आपका कॉम्पलैक्शन भी बेहतर होता है। अगर आपकी स्किन लटकने लगी है, तो आप कंसा वैंड से चेहरे को मसाज कर सकती हैं। इससे त्वचा की इलास्टिसिटी में सुधार आएगा। स्किन कोलेजन को मेंटेन रखने के लिए कंसा वैंड फायदेमंद होता है। इसके उपयोग से चेहरे पर झुर्रियां नहीं होती है।

## पुरानी साड़ी को नया लुक देकर दिखाएं जलवा, लगेंगी खूबसूरत




साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे हर महिला काफी मन से पहनती है। चाहे ऑफिस का कार्यक्रम हो या कोई शादी-विवाह, महिलाएं हर कार्यक्रम में साड़ी पहनना पसंद करती हैं। खासकर जब कोई त्योहार आता है तो महिलाएं इसके लिए नई-नई साड़ी खरीदती हैं।



अब कुछ ही दिनों में दीपावली और करवा चौथ के त्योहार आ रहे है, जिसकी तैयारी महिलाओं ने शुरू कर दी है। इन त्यौहारों के लिए महिलाएं नई साड़ी तैयार कर रही हैं लेकिन बहुत सी महिलाओं के पास साड़ियों का पहले से ही काफी खूबसूरत कलेक्शन होता है। ऐसे में वो हर त्योहार पर नई साड़ी नहीं खरीदतीं।

ऐसे में आज के लेख में हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देंगे,सके इस्तेमाल से आप अपनी पुरानी साड़ी को नया लुक देकर उसे ट्राई कर सकती हैं। आप इसके लिए अपनी शादी की साड़ी भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे इस साड़ी का अंदाज पूरी तरह से बदल जाएगा।

### बदलवा दें साड़ी का बॉर्डर

अगर आपकी पुरानी साड़ी हैवी बॉर्डर वाली है तो इस बार इसका बॉर्डर बदलवा दें। इससे साड़ी एकदम नए जैसी लगने लगेगी।

### साड़ी पर करें मिरर वर्क

अगर आपके पास कोई प्लेन साड़ी है तो उस पर मिरर वर्क कर सकते हैं। साड़ी पर लगे मिरर से आपका लुक बेहद अलग दिखेगा और इसे पहन आप अपना जलवा दिखा सकती हैं।

### साड़ी को करवाएं डाई

अपनी साड़ी को आप अगर दो अलग-अलग रंगों में डाई करवाएंगी तो आपका लुक काफी खूबसूरत दिखेगा। इस तरह की साड़ी आजकल काफी ट्रेंड में भी है।

### मोतियों से कराएं एक्सट्रा काम

अपनी साड़ी को नया लुक देने के लिए आप इसमें मोती लगवा सकती हैं। इसके साथ आप अगर पर्ल से बनीं ही ज्वेलरी पहनेंगी तो आपका लुक बेहद क्लासी लगेंगी।

## त्योहारों में चाहिए निखरती त्वचा तो ऐसे रखें ध्यान, हर कोई पूछेगा इसका राज



त्योहारों का सीजन आ गया है। ऐसे में बाजारों में इसकी धूम दिखाई देने लगी है। जब भी कोई त्योहार आता है तो लोग इसकी तैयारियों में जुट जाते हैं। घरों को सजाने से लेकर लोग खुद अपने लिए भी एक से बढ़कर एक कपड़े खरीदते हैं। त्योहारों की भागदौड़ में लोग अपनी स्किन का ध्यान रखना ये भूल जाते हैं। जबकि ऐसे में त्वचा का ध्यान खासतौर पर रखना चाहिए क्योंकि इसी मौसम में हर कोई अच्छे से तैयार होता है।

अगर बात करें महिलाओं की तो हर उम्र की महिला त्योहारों के लिए खास तैयारी करती है। इसके लिए वो पहले से ही पार्लर जाकर स्किन केयर ट्रीटमेंट लेती हैं लेकिन बहुत सी महिलाएं पार्लर नहीं जा पाती हैं। अगर आप त्योहारों के सीजन में दमकती त्वचा चाहते हैं तो अभी से कुछ खास तरह से अपनी स्किन का ध्यान रखें। इससे आपको फायदा जरूर मिलेगा।

अगर आप त्योहारों में दमकती त्वचा पाना चाहती हैं बादाम और चिरौंजी का इस्तेमाल करें। इसके लिए इन दोनों चीजों को मिक्सी में बिल्कुल बारीक पीस लें। इसके बाद इस पेस्ट में शहद, कच्चा दूध, ताजे एलोवेरा का जूस, गुलाबजल और थोड़ी सी हल्दी मिलाकर चेहरे पर इससे मसाज करें। कुछ समय बाद चेहरे को धो दें। इससे आपका चेहरा दमकने लगेगा।

आइस फेशियल करने के लिए आपको एक बड़े से कटोरे में पानी लेकर उसमें ढेर सारी आइस क्यूब डालनी है। अब दस-दस सैकेंड के लिए इसमें चेहरा डुबो कर रखें। इससे चेहरे की गंदगी साफ होगी।

अगर आप त्योहारों के सीजन में दमकती त्वचा पाना चाहती हैं तो ग्लिसरीन, नींबू और गुलाबजल का मिक्स जरूर इस्तेमाल करें। ये सर्दियों में काफी फायदा पहुंचाता है।

## ड्रेसिंग की इन गलतियों से आपकी हाइट दिखती है कम, इन्हें जान लीजिए

हाइट कम होना कोई खराब बात नहीं है। लेकिन गलती करके ऐसी ड्रेसिंग करना जिससे हाइट कुछ ज्यादा ही कम लगे ये भी सही नहीं है। इसलिए जरूरी है कि आप अपनी ड्रेसिंग में वो 5 खास गलतियां बाहर कर दें जो आपको जरूरत से ज्यादा छोटा दिखाती हैं। इन गलतियों को पहचान कर अपनी हाइट को ज्यादा दिखाया जा सकता है। इन गलतियों को पहचान लीजिए ताकि आपको अपना बेस्ट लुक मिल सके। चलिए इन गलतियों को पहचान लीजिए-

### ओवरसाइज़ जैकेट

आपको हाइट को ज्यादा महसूस कराना हो तो ओवरसाइज़ जैकेट या दूसरे बैगी कपड़ों से भी दूरी बनानी होगी। बैगी और ढीले कपड़े कम हाइट का इल्यूजन देते हैं। इसमें पैर छोटे महसूस होते हैं।

### जींस की लंबाई

जींस की लंबाई कितनी है? हाइट को ठीक ठाक दिखाने के लिए ये जानना जरूरी है। अगर जींस के नीचे कुछ हिस्से की यूंहीं लेयर बन रही हैं तो आपको



इसे तुरंत कटा लेना चाहिए। कटा नहीं सकते हैं तो इन्हें कम से कम एंकल तक फोल्ड कर लें। इसकी फिटिंग पर भी ध्यान दें।

### हील वाले जूते


अगर आपकी स्टाइल में हील वाले जूते शामिल है तो आपको इन्हें ना कर देना चाहिए। इसके साथ हैवी सोल वाले जूते भी नहीं चलेंगे। आप सोच रहे होंगे हील वाले जूतों में क्या दिक्कत है? दिक्कत है। दरअसल इसमें आपके पैर छोटे दिखते हैं।

कार्नर न्यूज

### मेन्स फैशन में बदलते ट्रेंड के हिसाब से हेयर स्टाइल जरूरी

## ट्रेंड को समझते हुए बनाएं आसान हेयर स्टाइल

फैशन ट्रेंड जब बदलता है तो लोग उसे जरूर ट्राई करते हैं। खासकर फेस्टिवल सीजन में क्योंकि इसमें उन्हें अलग-अलग तरीके के ऑप्शन को ट्राई करने का मौका मिल जाता है। त्यौहारों पर अच्छा लगने के लिए महिलाएं आउटफिट खरीदती हैं साथ ही मेकअप लुक भी पहले से ही सर्च करके रखती है। लेकिन हेयर स्टाइल फिर भी समझ नहीं आता है। ऐसे में जरूरी है कि आप यहां बताए गए फूलों के साख आसान हेयर स्टाइल बनाएं। इन्हें बनाना काफी आसान है साथ ही इससे आपका हेयर स्टाइल भी काफी अच्छा लगेगा।



### ट्विस्टेड ब्रेड हेयर स्टाइल

अगर आप वर्किंग है और हेयर स्टाइल बनाने का समय कम है तो ऐसे में आप साइड ब्रेड बनाकर पीछे पिन से बालों को सेट करके खजूरी चोटी बना सकती हैं। इसके बाद इसमें गजरा लगाना है। इसके लिए पतले गजरे को बालों में न लगाएं। बल्कि कई सारी लड़ियों के साथ इसे बनवाएं फिर इसे पिन की मदद से बालों में सेट करें। इसे भी आपको ट्विस्ट करके बालों में लगाना है। इस तरीके से 15 मिनट में आपका हेयर स्टाइल बनकर तैयार हो जाएगा। इसे आप साड़ी पर या सूट पर ट्राई कर सकती हैं।

### बन हेयर स्टाइल

अगर आप साड़ी या लहंगा वियर कर रही हैं तो इनके साथ आप ट्विस्टेड बन हेयर स्टाइल बनाएं और इसमें फूलों (कुर्ती के साथ हेयर स्टाइल) को सजाएं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले आगे की तरफ बालों में पफ क्रिएट करें। फिर इसे पिन की मदद से सेट करें। फिर पीछे के बालों में ट्विस्ट करके हेयर बन क्रिएट करना है। फिर इसमें रोज पेटल्स या फिर छोटे वाले बेबी ब्रेड्स बालों में पिन की मदद से लगाते हैं। साइड में थोड़े से बाल निकालकर उन्हें ट्विस्ट करना है। इस तरीके से आपका हेयर स्टाइल बनकर तैयार हो जाएगा। करवा चौथ पर आप इसे ट्राई कर सकती हैं।



### फ्लावर टियारा हेयर स्टाइल

ओपन हेयर स्टाइल भी काफी अच्छे लगते हैं। आप भी इन्हें करवा चौथ पर अपने लुक के साथ एड कर सकती हैं। इसलिए आपको जरूरत है कि आप अपने बालों (ब्रीजी लुक के लिए हेयर स्टाइल) में टियारा लगाएं और हेयर स्टाइल को कम समय में कंप्लीट करें। इसके लिए बालों को कर्ल करें। फिर आगे की तरफ पफ क्रिएट करें और पिन की मदद से इसे सेट करें। अब इसमें ओरिजिनल फ्लावर का बना टियारा पिन की मदद से सेट करें। पीछे के बालों को खुला छोड़ दें। इस तरीके से आपका हेयर स्टाइल बनकर तैयार हो जाएगा।

